तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024



12 पिछले चुनाव के मुकाबले 5 निकायों में बढ़ गए 8928 अधिक मतदाता






## खबर संक्षेप

### बठेना से बकरी चोरी 6 युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** बकरा चोरी करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि ग्राम बठोना पाटन में बकरी चोरी करने की शिकायत मिली थी। घटना की शिकायत रामनाथ चकरधारी ने पुलिस से किया था। पुलिस चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए जुटी रही। पुलिस ने तकनीकी जानकारी इकठ्ठा कर सूचना पर सुपेला निवासी अरुण कुमार घृतलहरे, सेक्टर 6 भगवानदास उर्फ खरगोश जोशी, रुआंबांधा ओमप्रकाश उर्फ वर्मा, अशफाक अली उर्प भाखडू, छावनी सलमान कुरैशी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 12 नग बकरा और चार पहिया वाहन सीजी 7 बीडी 9580, मोबाइल फोन को जब्त किया है। उक्त समानों की कीमत 7 लाख 41 हजार रुपए आंकी गई है।

### 260 मीटर लंबी वेल्डेड रेल पैनल का नया रिकॉर्ड

**भिलाई।** बीएसपी के साबरमती स्थित



फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट ने सितंबर में 260 मीटर लंबी वेल्डेड रेल पैनलों की 323 नग तैयार कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड दर्ज किया है, जो नवंबर 2023 में साबरमती प्लांट से वेल्डेड रेल पैनलों की पहली रेक भेजे जाने के बाद से किसी भी महीने के लिए अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। पहली छमाही अप्रैल से सितंबर अवधि के दौरान सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) से अब तक 260 मीटर लंबी वेल्डेड रेल पैनलों की 23 रेक भारतीय रेलवे को भेजी जा चुकी हैं। इसमें सितंबर को भेजी गई 260 मीटर लंबी वेल्डेड रेल पैनल की चार रेक शामिल हैं। अब तक साबरमती स्थित एफबीडब्ल्यूपी से रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की कुल 35 रेक भेजी जा चुकी हैं, जिनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में भेजी गई 12 रेक शामिल हैं। साबरमती के एफबीडब्ल्यूपी में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति बीएसपी के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल द्वारा 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी के उपयोग से भारतीय रेलवे को 260 मीटर लंबी रेल आपूर्ति बढ़ाने में सेल-बीएसपी को मदद मिली है।

### मेयर इन कौंसिल से हटाए जाने के बाद कांग्रेस पार्षद लामबंद

# रिसाली निगम के एमआईसी मेंबरों सहित आठ कांग्रेस पार्षदों का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रिसाली निगम में महापौर द्वारा एमआईसी से हटाए गए चारों मेंबर सहित आठ कांग्रेस पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे की खबर से कांग्रेस पार्टी में खलबली मच गई है। इस्तीफे की पेशकश पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के नाम है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के आठों पार्षद जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो रिसाली निगम से कांग्रेस की शहर सरकार चली जाएगी और भाजपा को मौका मिल जाएगा।

### इसलिए इस्तीफे का खोला मोर्चा

सूत्रों के मुताबिक महापौर शशि सिन्हा को हटाने की मुहिम में हटाए गए चार एमआईसी मेंबरों के अलावा वे पार्षद भी बैठक में शामिल रहे जिन्हे महापौर ने एमआईसी की नई जिम्मेदारी दी है। सुबह बैठक में कुल 18 से 20 पार्षदों की उपस्थिति रही और उन्होने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को देने वाले ज्ञापन में अपनी सहमति दी थी। पासा शाम को पलट गया। एमआईसी के नए मेंबरों ने मेयर को हटाने की रणनीति से खुद को अलग कर लिया। महापौर को जैसे की इसकी जानकारी हुई उन्होने नए मेंबरों व सभापति को बुलाया और चार पुराने पार्षदों को हटाने का निर्णय ले लिया। मौजूदाहालात से नाराज होकर हटाए गए एमआईसी मेंबरों व चार पार्षदों ने इस्तीफे की पेशकश बुधवार को कर दी।

### मंजूरी मिली तो भाजपा ऐसे सकती है काबिज

रिसाली निगम के अंतर्गत 40 वार्ड हैं। कांग्रेस पार्टी के 24 पार्षद हैं। एक पार्षद डोमनलाल बारले का निधन हो गया है। इस तरह केवल 23 पार्षद कांग्रेस के हैं। इनमें से आठ पार्षदों का इस्तीफा यदि पार्टी ने मंजूर कर ली या फिर इन्होने भाजपा का दामन थाम लिया तो कांग्रेस पार्षदों की संख्या केवल 14 रह जाएगी। भाजपा के 15 पार्षद हैं और कांग्रेस के इस्तीफा देने वाले आठ पार्षदों ने भाजपा को समर्थन दे दिया तो संख्या 23 हो जाएगी। सत्ता पाने बहुमत के लिए केवल 21 पार्षद होने चाहिए। एक निर्दलीय पार्षद हैं जो कांग्रेस को समर्थन दिया है।

### भाजपा जुटी बगावती पार्षदों से संपर्क करने

रिसाली निगम की राजनीति कांग्रेस के आठ पार्षदों के इस्तीफे की पेशकश के बाद गरमा गई है। चर्चा है कि दुर्ग ग्रामीण भाजपा विधायक ललित चंद्राकर के करीबी शख्स को कांग्रेस से बगावत करने वाले आठों पार्षदों को भरोसे में लेने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। माना जा रहा है कि भाजपा को इसमें बड़ी सफलता मिल सकती है इसलिए कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है। रिसाली निगम के विकास को लेकर फंड की मुख्य दिक्कत है। जिसे भाजपा की पूरी कर सकती है।

रिसाली निगम की राजनीति में नया बखेड़ा, पूर्व गृहमंत्री से नहीं हुई तालमेल

**जिसने निगम व महापौर बनाया, उसे ही पता नहीं चला एमआईसी का फेरबदल**



### महापौर भी अब कांग्रेस के निशाने पर

कांग्रेस पार्षदों की नाराजगी महापौर शशि सिन्हा को भी भारी पड़ सकती है। महापौर का बंगले को नजरअंदाज करना उनके लिए भी नुकसानदायक हो सकता है। सूत्र बताते हैं कि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू इस मामले में न्यूट्रल भूमिका में हैं। महापौर शशि सिन्हा द्वारा एमआईसी में फेरबदल करने के बाद जानकारी देने से वे खफा है। कांग्रेस पार्षदों का जो खेमा इस्तीफे की पेशकश कर रहा है वे बंगले के भरोसेमंद रहे हैं और एमआईसी की जिम्मेदारी भी उनके द्वारा ही तय रही है।

### इन प्रभारियों को हटाया

रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा ने सोमवार को एमआईसी के चार प्रभारियों को हटा दिया था। जिसमें जलकार्य, विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चंद्रभान सिंह ठाकुर, खाद्य व नागरिक आपूर्ति व विघुत विभाग की प्रभारी सोनिया देवांगन , आवास पर्यावरण व लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनूप डे और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग का प्रभारी गोविंद चतुर्वेदी शामिल हैं। इन एमआईसी मेंबरों के साथ आठ और कांग्रेस पार्षदों के इस्तीफे की खबर है।

## मूकबधिर किशोरी से अनाचार, आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मूकबधिर किशोरी के साथ अनाचार कर गभर्वती करने के मामले में दुर्ग न्यायालय ने आरोपी को मरते दम तक अजीवन कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी संगीता नवीन तिवारी की न्यायालय ने आरोपी को धारा 506 बी के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत मरते दम तक आजीवन कारावास सजा दिया है। विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने किशोरी को धमकी दी थी कि किसी को घटना के बारे में बताई तो उसे जान से मार देगा। मौके का फायदा उठाते हुए आरोपी ने किशोरी के साथ लगातार अनाचार करता था। घटना में किशोरी की मां ने वैशाली नगर पुलिस से शिकायत किया था कि बेटी की पेट में कुछ महीनो से दर्द हो रहा था। जिसे स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास चेक कराने पर पता चला कि किशोरी गर्भवती हुई थी। पूछताछ करने पर किशोरी ने इशारे में बताया कि 19 अप्रैल 2022 की सुबह घर में कोई नहीं था। तब उसका ही एक करीबी रिश्तेदार आरोपी जिसे अंकल कहती थी। जबरन घर में प्रवेश कर किशोरी को अकेले पाकर डरा धमका कर उसके साथ अनाचार किया। खोजबीन करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था।

- दुर्ग न्यायालय ने सुनाई सजा, घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## रेड्डी अन्ना में दांव लगाने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑनलाइन सट्टा रेड्डी अन्ना में दांव लगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर श्रीराम चौक खुर्सीपार में बापू नगर जोन 2 एमपीए रोड निवासी सुदीप कुमार अपने घर में ऑन लाईन जुआ मोबाईल से खेल रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सुदीप कुमार को उनके निवास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त किया है जिसकी कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है। सूचना पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को मिली थी। सुदीप को धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी किया गया। जिसमें मोबाईल फोन और बिल पेश किया। मोबाइल पर एक वाट्सअप ग्रुप भी मिला है जिसमें वेलकम टु रेडडी अन्ना और हाथ जोडने का निशान पाया गया। मोबाईल धारक द्वारा 2 हजार रूपये का लेनदेन, वाटसप नम्बर वाले के द्वारा जुआ से जुड़ी अन्य जानकारी उसमें मिला है। सुदीप कुमार ऑन लाईन प्लेटफार्म पर मोबाईल से जुआ खेलते पाया गया। सुदीप को पुलिस ने जिसे मुचलके पर छोड़ दिया गया है। ऑनलाइन सट्टा जिले में बेखौफ तरीके से चल रहा है। जिसमें शामिल युवक दिगर राज्यों में रहकर अवैध कारोबार कर रहें है।इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पा रही है। सूत्रों ने बताया कि ऑनलाइन सट्टे में विनय, कुंदन, लोकेश, रवि, राजा, जतिन कुमार, तेजी, टाइगर समेत दर्जनों सटोरिया बेखौफ घूम रहे है। उक्त सभी जुआरी महादेव पैनल का आईडी संचालित कर रहें है। उक्त ऑनलाइन सटोरियों का पासपोर्ट, आधार कार्ड को जब्त करने के बाद सारा खेल पुलिस को पता चल पाएगा।

- खुर्सीपार पुलिस ने की कार्रवाई

### दशहरा मनाकर हुए फरार

ऑनलाइन सट्टा का पैनल चलाने वाले सटोरिया दशहरा पर्व मनाने के बाद तुरंत फरार हो गए है। अब दीवाली में सटोरियों का इस्पात नगरी में आने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाले सटोरियों का पैनल हरिभूमि न्यूज :भिलाईछत्तीसगढ़ को छोड़ दिगर राज्यों में पैनल को संचालित किया जा रहा है। पैनल को चलाने वाले भिलाई-दुर्ग के युवक इसमें शामिल है। इसमें कुछ छुटभैया नेता भी शामिल होने की जानकारी मिल रही है। लेकिन पुलिस इनके तक नहीं पहुंच पा रही है। पुलिस इनकी लिस्टिंग तैयार कर जल्द इन पर बड़ी कार्रवाई कर सकती है।

## भिलाई-चरोदा के बकायदारों को नोटिस, नहीं पटाने पर होगी कुर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के बड़े बकायदारों के लिए नोटिस जारी कर आगाह किया गया है कि पुराने संपत्ति कर को जल्द पटाए।अन्यथा अंतिम नोटिस के बाद कुर्की की प्रक्रिया निगम करना शुरु कर देगी। इसे लेकर आयुक्त डीएस राजपूत ने विभागीय समीक्षा बैठक भी लिया। इस दौरन राजस्व कर्मियों ने संपत्ति कर नहीं जमा करने वाले बडे बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी कर दिया गया है। 15 दिन के भीतर नोटिस (173) और 30 दिन की समय वाला नोटिस (174) जारी किया है। शासन द्वारा निर्धारित किये गये नियमो का पालन करते हुए अंतिम नोटिस पश्चात संपत्तिकर जमा नही करने वालो के खिलाफ कुर्की करने की कार्रवाई की जाएगी। भिलाई-चरोदा निगम में राजस्व विभाग के कर्मचारियों सहयक राजस्व निरीक्षकों द्वारा मिले दायित्व अनुसार सभी 40 वार्डो में राजस्व कर वसूल किये जाने नियमित कवायद की जा रही है। जिसमें कसावट लाने के लिए निगम आयुक्त ने 2 प्रभारी राजस्व निरीक्षकों को 20-20 वार्ड का प्रभार सौपा है। सहायक राजस्व अधिकारी के अधीन अपने कार्यो को किया जाएगा।

### पानी का लिया सेंपल, 75 घरों में क्लोरीन टेबलेट बांटे

# तेलुगु मोहल्ला में पीलिया की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर वार्ड 30 प्रगति नगर तेलगु मोहल्ला, ताट पटटी मोहल्ला में पीलिया की संभावित शिकायत प्राप्त होने पर आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देशानुसार अधिकारियों का दौरा संबंधित क्षेत्रों में किया गया। जल शुद्धिकरण हेतु 75 घरो में 1000 क्लोरिन टेबलेट घर-घर वितरण एवं पानी को उबालकर ठण्डा कर पीने की सलाह दी गई। पानी का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। नालियो की समुचित सफाई कराकर सफाई उपरांत आस-पास चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर के मिश्रण का छिड़काव किया गया। प्रत्येक घरो में गृह भेंट के दौरान मच्छर जनित रोग नियंत्रण हेतु मच्छर, लार्वा, श्रोतो जैसे- कुलर टंकी, कन्टेनर वगैरा की जॉच की गई।



निगम की विशेष दस्ता एवं जोन की कॉम्बेक्ट टीम द्वारा संयुक्त रूप से 59 घरो में 249 सदस्यो से संपर्क कर आवश्यक पूछताछ की गई। जिसमें पीलिया से प्रभावित नया केस नहीं पाया गया। प्रायः देखने में आया है, कि पानी सप्लाई वाले पाईप से लोग चोरी छिपे कनेक्शन ले लेते है, वहां पानी सीपेज होने के कारण जलजनित पीलिया, उल्टी-दस्त जैसे बीमारियां फैलने की संभावना बढ़ जाती है। जलजनित बिमारियों का संक्रमण न हो आस-पास के क्षेत्रो से पानी का सेंपल लिया गया, सेंपल को जॉच हेतु लैबोरेटरी में भेजा गया है। पीलिया रोग दूषित खाना खाने, दूषित पानी पीने से ही होता है।

सर्वे के दौरान अभियंता नितेश मेश्राम, बसंत साहू, शंकर मरकाम, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी विरेन्द्र बंजारे, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, चुर्णमणी यादव, सामाजिक कार्यकता डी पोलम्मा आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय कसारीडीह दुर्ग में विशेषज्ञ डॉ. पुलक जैन शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा कक्षा नर्सरी, के.जी. 1. के.जी. 2 के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता, सचिव अरविंद सुराना, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा, प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव तथा विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिका निकेश श्रीवास्तव, श्रीमती किरण यादव, श्रीमती संध्या तिवारी एवं पालकगण उपस्थित थे।

### त्रिस्तरीय पंचायत के लिए नामावली प्रकाशन 24 को

**दुर्ग।** त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के आम उप निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण किए जाने का कार्यक्रम जारी किया गया है। वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। नगर पालिकाओं हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 16 अक्टूबर एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 24 अक्टूबर निर्धारित है।

### प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 18 से

**दुर्ग।** प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 का भव्य आयोजन जिले में 18 से 22 अक्टूबर तक भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में आयोजन किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि रेडक्रॉस सोसायटी की छत्तीसगढ़ राज्य शाखा का गठन 4 अप्रैल 2001 को राजभवन में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में किया गया था। संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा का काम करते हैं। प्रदेश के सभी जिलों में सोसायटी सक्रिय हैए लगातार सदस्यता अभियान के द्वारा लोगों को इससे जोड़ा जा रहा है, इससे जुड़े वॉलिंटेयर गांवों और शहरों में एम्बुलेंस सेवाएं और दवाईयां पहुंचाने का कार्य करते है। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन भी किया जाता है और लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है। साथ ही वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धजनों के लिए दैनिक आवश्यकताओं की समस्त सामग्री के साथ पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। रेडक्रॉस मीट 2024 में 33 जिलों के छात्र-छात्राएं काउंसलर एवं दल प्रभारी शामिल होंगे। जिले से लगभग 300 जूनियरए यूथ रेडक्रॉस एवं काउंसलर भाग लेंगे। पांच दिवसीय प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 हेतु जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना बनाई गई है। प्रत्येक दिवस सुबह 6 बजे सामूहिक योग व व्यायाम एवं 8.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रथम दिवस अपरान्ह 1 बजे तक दल प्रभारियों के द्वारा सभी प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाएगा। अपरान्ह 3ए30 बजे तक पूर्वाभ्यास के साथ समारोह का उद्घाटन किया जाएगा। तत्पश्चात शाम 6.30 बजे तक जिला प्रभारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। रात्रि 7.30 बजे तक भोजन तत्पश्चात रात्रि 8.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

# इस साल एक ही जगह लगेंगी पटाखों की दुकानें, लाटरी से होगा आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हर साल मनमाने तरीके से दुकान लगाए जाने के मामले में निगम प्रशासन ने इस बार पाबंदी लगा दी है। इस बार मनमानी जगह नही बल्कि लाटरी के जरिए दुकान लगाने जगह का आबंटन किया जाएगा, वही निर्धारित तीन हजार की रसीद कटाने के बाद ही संचालक प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। यही नहीं शहर में अगल-अलग जगह दुकान लगाए जाने को लेकर इस बार रोक लगाई गई है। सभी विक्रेताओं को जेआरडी कार्यालय के सामने दुकान लगाने जगह उपलब्ध कराया जाएगा।

निगम प्रशासन अगर बोली पध्दति से दुकानों का आबंटन करती तो राजस्व में बढोत्तरी भी होती। लेकिन लाटरी पध्दति तय किया गया हैं। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले निगम प्रशासन द्वारा लाटरी सिस्टम लागू किया जाता था, व्यापारी अपने मनपसंद जगह पर दुकान लगाते थे। लेकिन इस बार न सिर्फ लाटरी बल्कि शुल्क भी निर्धारित कर दी गई हैं। यही नहीं एक ही जगह पर दुकान लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे आम लोगों में सुरक्षा बनी रही। दीपावली के फटाका विक्रय के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के पालन हेतु आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर फटाका विक्रय के लिए नियम शर्ते बनाई गई है। बता दे कि चयनित स्थल गवर्मेंट स्कूल के पीछे मैदान पर अस्थायी फटाका दुकान लगाया जावेगा। उक्त कार्य 20 अक्टूबर से फटाका विक्रय हेतु स्थल का आबंटन कर दिया जाएगा।

**पटाखा दुकानों को लेकर निगम ने इस बार किया प्रक्रिया में बदलाव**

**चयनित मैदान पर लगेगी दुकाने**

नगर निगम द्वारा नियम शर्ते लागू रहेगी। नगर निगम द्वारा चयनित स्थान पर फटाका विक्रय किया जावेगा। अन्य स्थानों पर विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। वही निर्धारित शुल्क 3 हजार रूपए नगद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकेगे। आवेदक निगम के बाजार विभाग में आवेदन जमा कर रसीद ले सकेगे, वहीं अस्थायी लाइसेंस, स्वयं का पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, मोबाईल नंबर इत्यादि जमा करना होगा। वही दुकान लगाने अस्थाई लाइसेंस अनिवार्य होगा, जिसे दुकान के सामने चस्पा करना होगा।




**आवेदन देने आज और कल की मोहलत**

आवेदन 18 अक्टूबर समय 2 बजे तक मांगे गए है। उसी दिन शाम 4 बजे आवेदको की उपस्थिति में लॉटरी निकाली जावेगी। आवेदक द्वारा स्वयं बाजार विभाग में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। दुकानदारो को लाइट की व्यवस्था स्वंय करनी होगी। प्रतिबंधित फटाकों का विकय निषेध रहेगा। साथ ही दुकान का निर्माण स्वयं करना होगा। दुकान की साइज 10 X 15 वर्गफीट रहेगी। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पर्यावरण एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा आकस्मिक निरीक्षण करेगी। प्रत्येक दुकान से दूसरे दुकान की दूरी 02 फीट की होगी।

## जिला निर्वाचन आयोग ने जारी की प्रारंभिक प्रकाशन की सूची

# पिछले चुनाव के मुकाबले 5 निकायों में बढ़ गए 8928 अधिक मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2019 में हुए नगरीय निकाय चुनाव की तुलना इस बार 8928 मतदाताओं की संख्या बढ गई हैं। आगामी दिनों होने वाले पांच नगरीय निकायों में अलेश्वर परिषद को छोडकर सभी निकायों में वोटरों की संख्या बढ गई है। हांलाकि अंतिम प्रकाशन के बाद संख्या में और भी बढोत्तरी हो सकती है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश ने बुधवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के आम व उप निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचक नामावली एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम से अवगत कराया। प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक निर्वाचन नामावली प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। दावा व आपत्ति नगर पालिक संबंधित निकायों में 16 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दोपहर तीन बजे तक किया जाएगा, वही निराकरण 29 अक्टुबर तक होगा। नगर पालिका निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को किया जाएगा। जिले में ''जाबो'' मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत सीईओ जिला पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**त्रिस्तरीय चुनाव के लिए आगामी 24 अक्टूबर को करेंगे प्रारंभिक प्रकाशन**



**ऐसे जोड़ सकेंगे सूची में नाम**

संबंधित निकाय क्षेत्र के मतदाताओं का नाम विधानसभा सूची में होना आवश्यक है। यदि यदि नाम नहीं है तो 01 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष या अधिक आयु के विधानसभा की नामावली में भारत निर्वाचन आयोग के साइट पर वोटर सर्विस पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन कर नाम जुड़वा सकते हैं। फिर उसके बाद निकाय, पंचायत की मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

**3 निगम में एक साथ होंगे उपचुनाव**

आम निर्वाचन नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड 60 संपूर्ण निगम क्षेत्र, नगर पालिका परिषद में अहिवारा वार्ड 15 संपूर्ण पालिका परिषद, अमलेश्वर वार्ड 18 संपूर्ण पालिका परिषद क्षेत्र में आम निर्वाचन होंगे। इसी प्रकार उप निर्वाचन नगरीय निकाय में नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 24 एवं 35, नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड 34 और नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के वार्ड 32 में उप निर्वाचन होंगे।

**यहां परिसीमन का प्रकरण कोर्ट में लंबित**

नगर पालिक निगम दुर्ग, निगम भिलाई, निगम रिसाली, निगम भिलाई-चरौदा, नगर पालिका परिषद अहिवारा, नगर पंचायत धमधा, नगर पंचायत उतई, नगर पालिका परिषद अहिवारा परिसीमन की स्थिति नवीन परिसीमन यथावत है। इसी प्रकार नवीन परिसीमन अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, नगर पालिका परिषद जामुल, नगर पंचायत पाटन में नवीन परिसीमन किया गया। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में नवीन परिसीमन किया गया जो न्यायालयीन विचाराधीन है।

**यहां बढ़ गए पिछले चुनाव के बाद मतदाता**

नगर पालिक निगम दुर्ग के 60 में पुरूष की मतदाता 111592, महिला मतदाता 116367 एवं अन्य 22 मिलाकर 227987 है, वर्ष 2019 में यहां 222038 थे जिसमें 5946 बढ गए है। नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 2 में पुरूष 5543, महिला 5434 है। नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड 1 में पुरूष 1019, महिला 1096 है। नगर पालिक निगम चरौदा भिलाई के वार्ड 1 में पुरूष 1155 एवं महिला 1161 है। परिषद अहिवारा के वार्ड 15 में पुरूष 7709 एवं महिला 8010 मिलाकर 15719 है, पिछले बार यहां 14875 थे। नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के नगर पंचायत बनने के बाद यहां पहला चुनाव होगा। यहां 18 वार्ड में पुरूष 5848, महिला 5704 एवं अन्य 01 है। नगर पंचायत धमधा के वार्ड 15 में पुरूष 3700, महिला 3969 मिलाकर 7671 हैं, पिछले साल यहां 7090 था, वही वर्तमान में अन्य 2 है। नगर पंचायत पाटन के वार्ड 15 में पुरूष 3995 एवं महिल 4324 मिलाकर 8321 है, पिछले बार यहां 7477 थे। नगर पंचायत उतई के वार्ड 15 में पुरूष मतदाता 3708 एवं महिला मतदाता 3942 है।

# पोटिया और बैगापारा में लगेगी हाईमास्ट लाइट



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पोटियाकला वार्ड के सांस्कृतिक मैदान और बैगापारा स्टेडियम में हाईमास्क लाइट लगेगा। नवरात्रि में शहर के विभिन्न स्थानो पर विराजित

- वार्ड 19 में डोमशेड लगाने की भी विधायक ने दिया आश्वासन

माँ दुर्गा के प्रतिमा दर्शन करने पहुँचे विधायक गजेंद्र यादव ने नागरिकों से भेंट मुलाकात के दौरान विकास कार्य के लिए घोषणा किये। वही वार्ड 19 में भी डोमशेड की घोषणा की गई हैं।नवरात्रि में दुर्गा पंडाल और दशहरा कार्यक्रम के दौरान विधायक गजेंद्र यादव ने जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्यों की सौगात दिए है। रावण दहन कार्यक्रम में पोटिया पहुँचे विधायक ने आयोजक समिति द्वारा गोवंश के संरक्षण को देखते हुए दईहान का सीमेंटीकरण की मांग रखी गई। रावण पुतले को खड़ा करने लोहे का स्टैंड और सांस्कृतिक मंच मैदान में विभिन्न तरह होने वाले आयोजन में हजारों की संख्या लोग आते उसे देखते हुए हाईमास्क लाइट लगाने की मांग को विधायक गजेंद्र यादव ने उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए मंच से ही पोटियावासीयों की तीनो मांग को पूर्ण कराने घोषणा किये।

**बैगापारा स्टेडियम का संधारण होगा**

रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे विधायक गजेंद्र यादव से आयोजक समिति ने बताया कि, क्षेत्र एकमात्र स्टेडियम ही जगह है जहाँ दशहरा के साथ विभिन्न बड़े कार्यक्रम होते है। जिस पर विधायक स्टेडियम परिसर में हाईमास्क लाइट और बैठक गैलरी तथा आवश्यकता अनुसार स्टेडियम का संधारण कराने की घोषणा भी की हैं।

### 1 नवंबर के स्थान पर 12 को स्थानीय अवकाश घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश में परिवर्तन किया है। दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर 1 नवंबर को परिवर्तित कर देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) 12 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## उरला में मनाया गया 68 वां धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

**दुर्ग।** उरला में 68 वां धम्म चक्र प्रवर्तन दिन मनाया गया। जिसके तहत रात को 7.30 बजे तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं विश्वरत्न, भारत रत्न, बाबा साहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर पूर्व सचिव अशोक मेश्राम, बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग द्वारा माल्यार्पण किया गया। बाद में उपस्थित अनुयायियों द्वारा सामूहिक त्रिशरण पंचशील ग्रहण की गई और विश्व कल्याण के लिए मंगल कामनाएं की गई। तत्पश्चात विशेष अतिथि आयुष्मान विजय बोरकर ने सम्राट अशोक के जीवनी पर प्रकाश डालकर धम्म चक्र प्रवर्तन दिन का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आयुष्मति सारिका रामटेके ने किया । अंत में खीर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष सीमा गजभिए, सचिव पंचशीला बोरकर,

### सीसी रोड निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2024-2025 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार अधोसंरचना निर्माण कार्यों की अनुशंसा प्राप्त हुई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं. को 7 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड निर्माण हेतु 49 लाख 40 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड दुर्ग के ग्राम पीपरछेड़ी में 4 स्थानों पर सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख 40 हजार रूपए एवं ग्राम उमरपोटी में 5 स्थानों पर सीसी रोड निर्माण हेतु 13 लाख रूपए की स्वीकृति की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चंदखुरी, कोनारी, धनोरा, बासीन एवं खेदामारा में दो-दो स्थानों पर 5.20-5.20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## जिले में मनाया गया विश्व हस्त प्रक्षालन दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल जीवन मिशन के अंतर्गत वॉटरएड इंडिया द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों मे बच्चों के साथ विश्व हाथ धुलाई दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों के माध्यम से अपने और अपने मित्र, परिवार में स्वच्छता के महत्व का प्रचार करना रहा। कार्यक्रम में विश्व हाथ धुलाई दिवस हर साल 15 अक्टूबर को मनाने का कारण, इसके उद्देश्य एवं लोगों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की आदत डालने से कई प्रकार के गंभीर बीमारियों जैसे डायरिया और श्वसन संबंधी संक्रमणों को रोका जा सकता है

**स्वास्थ्य योजना की समीक्षा :** दुर्ग। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने डॉक्टर एवं स्टाफ से चर्चा की।

## जल शक्ति मिशन के तहत धौराभाटा को मिला हर घर जल प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के विकासखंड पाटन के ग्राम पंचायत धौराभाटा में जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाण पत्र

- पानी से हो रही परेशानियों से मिल रही राहत

प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र इस बात का प्रमाण है कि गांव में हर घर नल से शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को मिल रहा है। जल जीवन मिशन द्वारा ग्रामीणों को उनके दैनिक जीवन में चल रहे पानी से हो रही परेशानी में अब उन्हें राहत मिल रही है। महिलाओं को दूर से जाकर पानी लाने की समस्या से




मुक्ति मिली है। जल जीवन मिशन से मिल रहा पानी न केवल साफ है बल्कि सुरक्षित भी है। यह जल जनित बीमारियां जैसे पीलिया, डायरिया व अन्य खतरनाक बीमारियों से बचाता है। हर घर जल प्रमाणीकरण के दौरान ग्रामीणों में उत्साह एवं उमंग का माहौल नजर आया। इस दौरान ग्राम के सरपंच श्रीमती बिंदेश्वरी मेश्राम सचिव देव कुमार वर्मा को विभाग में जल जीवन मिशन योजना सौंप कर आने वाले समय में योजना का संचालन पंचायत द्वारा किया जाएगा यह समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई का कल प्रदर्शन

**दुर्ग।** कवर्धा के ग्राम लोहारीडीह कांड में मृतक प्रशांत साहू के पीड़ित परिवार व निर्दोष के साथ न्याय एवम लोहारीडीह कांड में प्रशासनिक तंत्र के लोगो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही व बेगुनाह लोगो को तत्काल रिहाई की मांग और पीढ़ित परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ दुर्ग एनएसयूआई के तत्वधान में प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू के नेतृत्व में एक दिवसीय आमरण अनशन हिन्दी भवन के सामने किया जावेगा।

**26 और 27 अक्टूबर को जिला पंचायत प्रांगण में बिहान मेला**

# डेढ़ दर्जन हितग्राहियों को सांसद ने सौंपी चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सांसद विजय बघेल की मुख्य आतिथ्य में आज बीआईटी ऑडिटोरियम दुर्ग में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मेला सह लखपति दीदी

- बीआईटी कालेज में जिला प्रशासन का आयोजन

महिला पहल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 16 हितग्राहियों को नवीन स्वीकृति आवास प्रमाण पत्र और 15 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। इसी प्रकार स्व सहायता समूहों से जुड़ी 16 लखपति दीदीयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। जनता के विश्वास के आधार पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, जनपद प्रतिनिधि जितेन्द्र साहू शामिल हुए।



**लखपति से बनाएंगे करोडपति-कलेक्टर**

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि, प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिले में 23700 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्ध 22 हजार 624 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है एवं 386 आवास प्रगतिरत है। वर्ष 2024-25 में 7363 का लक्ष्य जिले का प्राप्त हुआ है, लक्ष्य के विरूद्ध 5062 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा दीदीयों को लखपति बनकर नही बैठना है उन्हें और आगे बढ़ना है। उन्हें करोड़पति बनना है और अन्य लोगों को भी प्रेरित करना है।

**पीएम की परिकल्पना हर मकान पक्का हो**

विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने कहा कि, केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक पहुंच रहा है। महिलाओं के सम्मान के लिए शौचालय का निर्माण, राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि प्रदान किया गया। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए प्रदान किया जा रहा है। विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना व परिकल्पना है कि, हमारा देश विकसित और आत्मनिर्भर बने। हर गरीब चाहता है कि उनका पक्का मकान हो।

# पोटियाकला में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के वार्ड 53-54 में वार्डवासियों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से दशहरा पर्व का आयोजन

- विधायक गजेंद्र यादव रहे शामिल

किया गया। इस दौरान प्रभु श्रीराम की रामायणकालीन लीलाओं को अविस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से श्री गोविन्द नवयुवक समिति पोटियाकला एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव 58वां वर्ष का आयोजन दशहरा मैदान, पोटियाकला में किया गया।



शोभायात्रा विभिन्न देवालयों, माता शीतला मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर एवं साहाड़ा देव में पहुंचने के बाद पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव विधायक रहें। उन्होने मनुष्य को सदा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों का पालन करने की बात कही एवं आयोजनकर्ताओं एवं वार्डवासियों की मांग अनुसार वार्ड में स्थित दईहान गौठान का सीमेंटीकरण किये जाने एवं दशहरा मैदान में चारों ओर ट्यूबलर पोल लगाने व रावण पुतला बांधने हेतु स्थाई पोल लगाने की मांग को स्वीकार कर जल्द ही पूर्ण करने की बात कही। दशहरा महोत्सव में कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरज बाकलीवाल, महापौर एवं उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गिरधर मढरिया, अध्यक्ष सरदार वल्लभ भाई फेडरेशन, नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, अजय वर्मा नेता प्रतिपक्ष व वार्ड पार्षद अनूप चंदानिया एवं अन्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### बच्चों का मॉडल राज्य स्तर पर चयनित



**सेलूद।** शाउमा विद्यालय गोंड़पेन्ड्री के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल, विज्ञान नाटिका और प्रश्न मंच तैयार किया। विकास खंड, जिला और जोन स्तर तक चयनित हुए दो विज्ञान मॉडल का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। दीक्षा वर्मा द्वारा जल शुद्धीकरण और ममता वर्मा द्वारा प्लास्टिक रिसायकल के मॉडल, अपशिष्ट प्रबंधन पर बनाए गए गये हैं। वे अंबिकापुर में प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

**निधन**

### पुनित राम चन्द्राकर



**अंडा।** इतवारी बाजार चौक अंडा निवासी पुनित राम चन्द्राकर उम्र 75 वर्ष का अकास्मिक निधन 16 अक्टूबर को हो गया । वे मनोज चन्द्राकर के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय जामगांव आर में मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

# संस्कारित शिक्षा और संसार रूपी सागर को मथने से होगी अमृत की बारिशः डॉ. गुलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

शरद पूर्णिमा उत्सव समारोह का आयोजन बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में भारतीय संस्कृति से सराबोर संगित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक मंचन में गायन और नृत्य का मन भावन ताल मेल मंत्र मुग्ध करती रही। विदित हो कि विद्यालय में रिकार्डिंग डांस वर्जित है। समिति सदस्य डॉ. गुलाब साहू वादन में सहयोग कर प्रभावी मार्गदर्शन देते हुए निखरित सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच तक पहुंचाते हैं। समारोह अतिथि मंच मानस मर्मज्ञ डॉ. गुलाब साहू समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक। डॉ.केएस देवांगन पालक, जमुना सोनवानी, प्राचार्य पीएल बारले, व्यवस्था शिक्षिका धनेश्वरी साहू उपस्थित थे। कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, बिलासपुर कोनी, खंडवा खेल बौद्धिक के होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संचालन व्यवस्था प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकर और आभार व्यवस्थापक एके जैन ने किया। खीर प्रसाद ग्रहण उपस्थित सैकड़ों लोगों ने किया।

**शरद पूर्णिमा समारोह में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति**





### 34 वर्षों से दे रही शिक्षा

अतिथि जमुना सोनवानी ने कहा कि संतान को धन दे या ना दे सके लेकिन संस्कार युक्त शिक्षा अवश्य दिलाए, जीवन के अंतिम पड़ाव में पछताने की नौबत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर 34 वर्षों से संस्कारित शिक्षा उपलब्ध कराने का असाधारण कार्य कर रही है। इसका लाभ प्रत्येक माता-पिता को उठाना चाहिए।

### अच्छे पैकेज पर काम कर रहे हैं पूर्व विद्यार्थी

अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि इस विद्यालय में पढ़कर निकल चुके अनेकों बच्चे अच्छे खासे पैकेज में काम कर रहे हैं। माता पिता का श्रवण कुमार सा संतान बनकर इतिहास रच रहे हैं जो इस विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यालय कम शुल्क में चलाकर गरीब सामान्य लोगों को भरपूर लाभान्वित करने का हर संभव प्रयास कर रही है। माता पिता के आज्ञाकारी संतान अच्छे पैकेज पर काम करने लगे है जो परिवार के लिए किसी अमृत पान से कम नहीं है। आचार्य दीदी सबका सराहनीय सहयोग रहा।

डॉ. गुलाब साहू ने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा जीवन दायनी है, संस्कारित शिक्षा से संसार सागर को मथने से अमृत पान का होना तय मानिए। माता-पिता और गुरु अमृत पान कराने में महती भूमिका निभाते है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर से संस्कारित शिक्षा ग्रहण कर जीवन के अच्छे मुकाम पर पहुंच चुके हैं। बच्चे जीवन में सुख सुविधाओं को प्राप्त कर अमृत पान कर रहे हैं।

## साइबर अपराधों से बचने के लिए एक ही उपाय, सावधानी और जागरुकताः तुलसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम

अंडा थाना क्षेत्र में अपराधों से बचने ग्रामीणों में जनजागरुकता बढ़ाने सहित कानून की जानकारी देने थाना पुलिस लगातार 19 गांवों में ग्राम पंचायतों, हाट बाजार, स्कूल, कॉलेज में लगातार साइबर अपराधों से बचने नई पहल करते हुए साइबर प्रहरी ग्रुप निकुम सहित पूरे 19 गांवों साइबर प्रहरी में स्मार्ट फोन से व्हाटसअप ग्रुप से हजारों व्यक्ति जुड़कर साइबर अपराधों पर नई सूचना व सचेत, साइबर ठगी से बचने आमजनों को जागरुक कर रही है। निकुम पंचायत बस स्टैण्ड में 16 कैमरे लगे हैं, जिसकी मानिटरिंग कन्ट्रोल पाइंट से होता है। युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचने व गांव में अपराधों को कम करने सटीक जानकारी देते हुए थाना अंडा एसआई तुलसी राम साहू ने बताया कि घर में नगदी व कीमती गहनों को ना रखे, नगदी हमेशा बैकों में रखे, घरों में अनजान व्यक्ति, घुमन्तु, फेरी से समान लेना बंद करे व आज के वैज्ञानिक युग में अंधविश्वास के फेर में बिल्कुल ना पड़े। संदेह होने पर तुरंत पुलिस व साइबर फ्राड होने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं.1930 कॉल करे। अपना बैंक एकाउण्ट नंबर, पासवर्ड आदि किसी को ना बताएं । अपने इंटरनेट बैंकिंग ट्रांजिक्शन का इस्तेमाल कभी भी सार्वजनिक जगह, कैफे, पार्क, सार्वजनिक मीटिंग और किसी भी भीड़ भाड़ स्थान पर ना करे, अपना एटीएम पिन कोड को लिखकर ना रखे और ना ही किसी को बताए, फर्जी कॉल व घुमन्तु, अंजान, संदिग्ध लोग दिखे तो पुलिस को सूचना देवे, देर रात सुनसान इलाकों में अकेले सफर ना करे, अपनी पर्सनल जानकारी, बर्थ डे, घर की फोटो, परिवारिक जानकारी को फेसबुक, व्हाटसप पर बिल्कुल शेयर ना करे, समय-समय पर अपना पिन व पासवर्ड बदल ले, इन अपराधों से बचने सावधानी व जागरुकता ही सही उपाय हैं। मंगलवार को स्व.पुकेश्वर सिंह भारदीय कॉलेज निकुम में कॉलेज विद्यार्थियों को साइबर से बचने जानकारी दिया। गौर हो कि क्षेत्र के बैंकों, धान खरीदी केन्द्रों, मेला मंडई में लगातार पुलिस गश्त करेगी। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अंडा थाना क्षेत्र के पूरे 19 गांव में पुलिस टीम जागरुक कर अच्छी पहल कर रही है। वहीं पुलिस की तिरछी नजर 112 व पुलिस गस्त होने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. डीके बैलेन्द, अमित सिंह व अंडा पुलिस से प्रधान आरक्षक कौशलेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक घनिता साहू सहित कॉलेज स्टाफ व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

■ अंडा पुलिस साइबर प्रहरी ग्रुप से बढ़ रही जागरुकता, रात में बीट पांइट पर गश्त बढ़ी

**बिजनेस साइट**

## सिकलिंग के मरीज की गल गई कूल्हे की हड्डी, हाइटेक में हुआ इलाज



**भिलाई।** सिकलिंग की समस्या छत्तीसगढ़ और ओड़ीशा में आम है, पर इसके चलते मरीज की ऐसी स्थिति भी हो सकती है, ऐसे मामले कम ही देखने में आते हैं। 18 वर्षीय संदीप भी एक ऐसी ही समस्या से जूझ रहा था, उसके कूल्हे की हड्डी में संक्रमण हो गया था, एक जोड़ डिस्लोकेट हो गया था। वह बेतहाशा दर्द में था और कहीं इलाज नहीं हो रहा था। अंततः वह हाइटेक पहुंचा जहां उसका इलाज संभव हुआ। संदीप का इलाज कर रहे अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि मरीज लगभग एक साल से तकलीफ में था। पिछले दस महीने से वह बिस्तर में ही था। उसे लगातार दर्द निवारक औषधियां लेनी पड़ती थी। इसके कारण वह सो भी नहीं पाता था। दरअसल, उसके कूल्हे की हड्डी में संक्रमण था, जोड़ों में पीव भर गया था, दाहिने जांघ की हड्डी कूल्हे के जोड़ से खिसक गई थी। मरीज हिलने डुलने में असमर्थ था। सबसे पहले उसके डिस्लोकेशन का रिडक्शन किया गया और फिर संक्रमण के लिए उसका इलाज शुरू किया गया। नतीजे अच्छे आए और अब मरीज की हालत पहले से काफी बेहतर है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर ही मरीज ने बिना किसी मदद के बिस्तर पर उठकर बैठना शुरू कर दिया। साथ ही वह सपोर्ट लेकर चलने भी लगा, दर्द की दवा बंद हो चुकी थी। काफी समय से पैरों के निष्क्रिय होने और लगातार मुड़े रहने से मांसपेशियों में कुछ शिथिलता आ गई है पर समय के साथ यह भी ठीक हो जाएगा। मरीज के पिता ने बताया कि वे सरगुजा के रामनगर गांव में रहते हैं। तकलीफ होने पर पहले जिला अस्पताल में दिखाया, वहां से एम्स रिफर कर दिया गया। 15 दिन तक वहां भर्ती भी रहा पर कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद वे गांव लौट गए, फिर किसी के कहने पर उन्होंने संदीप को मेकाहारा में एडमिट कराया। 15 दिन वहां भी भर्ती रहने के बाद किसी के कहने पर वे उसे रांची ले गए। वहां भी इलाज नहीं होने पर उसे वेल्लोर ले गए, पर वहां भी इलाज नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि जैसे ही मरीज के सिकलिंग की बात सामने आती थी बनती हुई बात बिगड़ जाती थी। उन्होंने बताया कि थक हार कर जब वे वेल्लोर से लौट रहे थे तब ट्रेन में एक व्यक्ति से मुलाकात हुई। उसका इलाज पहले हाइटेक हॉस्पिटल भिलाई में हो चुका था। उसने अस्पताल का पता देने के साथ ही डॉक्टर का फोन नम्बर भी दिया। हमने बात की तो डॉक्टर ने हमें बुला लिया। यहां आने के बाद तुरन्त ही उसका इलाज शुरू कर दिया गया। कुछ ही घंटों में उसे दर्द से आराम मिल गया। एक सप्ताह बाद जब बच्चा अपने पैरों पर खड़ा हो गया तो हमारी खुशी और आश्चर्य का ठिकाना नहीं था।

## निःसंतान दंपतियों के लिए आरोग्यम में निःसंतानता शिविर आज से



**भिलाई।** निःसंतानता लाइलाज नहीं, सही परामर्श एवं आईवीएफ से संतान सुख प्राप्ति संभव है, ऐसा कहना है मुंबई की प्रतिष्ठित निःसंतानता चिकित्सक डॉ. रैनी अग्रवाल का। आजकल की असामान्य एवं भागदौड़ भरी जिंदगी में निःसंतानता, दंपतियों में एक प्रमुख समस्या बन कर उभर रही है। एक परिवार तब ही पूरा होता है जब दंपत्ति की खुद की संतान हो, परंतु यह सुख सभी को प्राप्त नहीं हो पाता। दंपति वर्षों तक प्रयास करते रहते हैं परंतु संतान सुख की प्राप्ति नहीं कर पाते, जिसकी वजह से परिवार में क्लेश तथा मानसिक तनाव से जूझते रहते हैं परंतु अब मेडिकल साइंस की नई टेक्नोलॉजी आईवीएफ से संतान प्राप्ति संभव है। ऐसे दंपतियों के लिए किलकारी फर्टिलिटी सेंटर द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर मुंबई की प्रख्यात निःसंतानता एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल अपनी सेवाएं देंगी। यह शिविर 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग में आयोजित होगी। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा पति-पत्नी दोनों की जांच करके समस्या का संपूर्ण इलाज किया जाएगा।

## ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

# राधा-कृष्ण मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई



■ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित हुए शामिल

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोपली कोसरिया यादव समाज खोपली द्वारा आयोजित मंदिर लोकार्पण एवं राधा कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर, मंदिर का लोकार्पण किया और भगवान श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चनाकर प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर कोसरिया यादव समाज की ओर से पारंपरिक वेश भूषा, राउत नाचा के साथ भव्य शोभा यात्रा, कलश यात्रा निकाली गई और पूरे ग्राम का भ्रमण कर किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण, महायज्ञ के साथ राधा कृष्ण की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। समाज की बिटिया व मातृ शक्ति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतवर्ष के इतिहास में यदुवंशियों का अविस्मरणीय योगदान है। भगवान श्री कृष्ण के वंशज यदुवंशियों एवं ग्राम वासियों ने राधा कृष्ण मंदिर के स्थापना के यह एक नेक कार्य है इसकी जितनी सराहना कीजिए वह कम है। यादव समाज अपनी पुरातन संस्कृति को संयोजे हुए हैं, आज मंदिर के निर्माण से गांव में भक्ति भाव माहौल पैदा होंगे। भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की । इस अवसर पर यादव समाज अध्यक्ष मंतराम यादव, अध्यक्ष दानेश्वर यादव, जिला अध्यक्ष हरीश यादव, टीकेश्वर यादव, सचिव नरेंद्र यादव, हितेश यादव पवन यादव, सुमेश यादव, भावेश यादव, राजू यादव, रेमन यादव, महिला संगठन अध्यक्ष जागेश्वर यादव, राणु यादव, सोहद्रा यादव, लोकनाथ यादव, शंकर यादव, रामाधीन यादव, मन्नू यादव, जगतु यादव, ग्राम पंचायत सरपंच मंजू फत्ते लाल वर्मा, उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, जनपद सदस्य डोमन लाल भारती, उपसरपंच सुमन साहू आदि उपस्थित थे।

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशो से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि दीनदयाल साहू, पिता स्व. गोपी साहू, पता- वार्ड नं.- 55 फुलगांव दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर ग्राम- फुलगांव प.ह.नं.- 20. तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं.- 251/17 एवं 251/33, रकबा क्रमशः 0.105 हेक्टे एवं 0.890 हेक्टे. कुल रकबा 0.995 हेक्टेयर स्थित है ।

उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है तथा इस सौदा के संबंध में दोनों पक्षकारों के मध्य इकरार नामा हो चुका है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है । उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पंजीकृत भूमिस्वामी के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है । अतः इस ईश्तहार के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, निकाय, शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय संस्था, बैंक को कोई उजर या दावा हो तो वह इस प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर मेरे कार्यालय में सबंधित दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात उक्त दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा यह उक्त सम्पत्ति का रजिस्ट्री निष्पादन कराने स्वतंत्र होगा ।

सो सूचना जाने

स्थान- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांकः 17.10.24

सरोज यादव
अधिवक्ता
शिक्षक नगर- दुर्ग (छ.ग.)
मो.- 98274-71517.

### दस्तावेज गुमा

मैं विजय कुमार साव पिता श्री रामविलास साव उम्र 59 वर्ष, निवासी- लक्ष्मण नगर, छावनी, वार्ड 41, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र उमाशंकर साव एवं पुत्रवधू श्रीमती अराधना साव का दस्तावेज दिनांक 16.10.2024 को सुबह 10 बजे लक्ष्मण नगर छावनी से दुर्ग जाते समय रास्ते में कहीं गुम हो गया है।

उमाशंकर साव का 10वीं, 12 वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, मूकबधिर प्रमाण पत्र आदि एवं पुत्रवूध श्रीमती अराधना साव का 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, मूकबधिर प्रमाण पत्र निवासी प्रमाण पत्र आदि है।

जिस किसी सज्जन को मिले सूचित करें।

भवदीय
विजय कुमार साव
निवासी-लक्ष्मण नगर, छावनी, वार्ड 41, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो.: 9893810662, 7509177933

## धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव



**उतई।** मां कालिका ट्रस्ट के तत्वधान विगत कई वर्ष से दशहरा उत्सव मनाते आ रहे इस वर्ष भी अधर्म पर धर्म की जीत का उत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया दशहरा में भारी संख्या मे उतई नगर के नागरिको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई साथ ही रात्रि 10 बजे छत्तीशगढ़ी संस्कृति लोककला मंच स्वरधारा तुलसीपुर राजनांदगांव की प्रस्तुति हुई कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। साथ ही उतई नगर के पार्षद दीपमाला देशलहरे, प्रहलाद वर्मा, सतीश चंद्राकर, वीरेंद्र गिरी गोस्वामी, शैलेश देवांगन, फत्तेलाल वर्मा, चंदू देवांगन, रोहित साहू, विष्णु देशलहरे पुर्व पार्षद मां कालिका ट्रस्ट के अध्यक्ष संतराम सपहा एवम् समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## आध्यात्मिक चित्रों की प्रदर्शनी लगाकर की गई ज्ञान चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुम्हारी द्वारा आयोजित 9 चैतन्य देवियों की भव्य झांकी के बीच चैतन्य राक्षस भी आकर्षण का केंद्र बना। झांकी का शुभारंभ डॉक्टर अमित जैन, डॉक्टर मेघा जैन, श्याम सिंह एवं सेवा केंद्र संचालिका बीके ईशा बहन ने दीप प्रज्वलन एवं आरती करके किया। इसके पश्चात ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा आध्यात्मिक चित्रों की प्रदर्शनी व ज्ञान चर्चा की गई। डॉक्टर अमित जैन ने कहा कि साक्षात देवी मां स्वरूप बहनों को जिनका अद्भुत जीवन चित्रण चैतन्य रूप में हमारे समक्ष प्रस्तुत किया जाता है वह वाकई अद्भुत दृश्य है। उनकी नजर एकाग्रता की प्रतिमूर्ति है इसका आकर्षण पूरे शहरवासियों में रहता है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ईशा बहन ने बताया कि राजयोग के द्वारा एकाग्रता आती है जब हम परमात्मा से अपना कनेक्शन जोड़ निरंतर इसका अभ्यास करते हैं तो चित्त शांत और मन स्थिर हो जाता है। अगर यह हो तो दुनियां में शांति का वातावरण निर्मित हो जाएगा।

■ प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि में चैतन्य देवियों की झांकी प्रस्तुत की










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# बंछोर के नेतृत्व पर इस्पात बिरादरी ने पुनः जताया विश्वास

## स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया के तीसरी बार चुने गए चेयरमेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर जीत की हैट्रिक लगाते हुए स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया (सेफी) के चेयरमैन चुने गए। मंगलवार को कोच्चि, केरल में आयोजित सेफी चुनाव में नरेंद्र कुमार बंछोर को 31 वोट प्राप्त हुए। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मात्र 13 वोट मिले। श्रीबंछोर ने जीत का रिकॉर्ड कायम करते हुए हैट्रिक लगाई।

सेफी के चुनाव में इस्पात क्षेत्र की 17 इकाइयों के ऑफिसर एसोसिएशन के चुनिंदा पदाधिकारी वोट डालते हैं। 45 वोटों में से श्री बंछोर ने 31 वोट प्राप्त किये। इससे पूर्व वे वर्ष 2016 में सेफी के महासचिव के रूप में चुने गए थे। 2018 से श्री बंछोर सेफी चेयरमैन के रूप में पहली बार चुने गए थे उसके बाद लगातार तीसरी बार सफलता हासिल की । राष्ट्रीय स्तर पर भी एनएसीओ के वर्किंग प्रेसिडेंट के रूप में श्री बंछोर ने अपनी धमक दिखाई है। विगत 8 वर्षों से श्री बंछोर ने अपने नेतृत्व में इस्पात बिरादरी से लेकर सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारी की अनेक समस्याओं को हल करने में अहम भूमिका निभाई है।



### भिलाई में खुशी का माहौल

अनेक सामाजिक संस्थाओं तथा खेल संगठनों से भी जुड़े बीएसपी में डीजीएम श्री बंछोर के तीसरी बार सेफी चेयरमेन बनने से भिलाई में खुशी का माहौल है। उनके जीत में भिलाई ओए महासचिव परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, सेफी नॉमिनी अजय कुमार, उपाध्यक्ष तुषार सिंह तथा उपाध्यक्ष माइंस नीतीश छतरी ने अहम भूमिका निभाई है।परविंदर सिंह ने बताया कि डीएसपी ओए के संजय आर्य तथा वाइस चेयरमैन सीएमओ कॉस्मेक्स के नरेंद्र कुमार सिंह, बीएसएल ओए के अजय कुमार पांडे, उप महासचिव एसएसपी के आर सतीश और कोषाध्यक्ष वीआईएसएल ओए के पार्थ सारथी मिश्रा चुने गए। इसके अतिरिक्त आरआईएनएल और नगरनार स्टील प्लांट से दो संयुक्त सचिव भी नामित किए गए। आरआईएनएल से केवीडी प्रसाद और नगरनार स्टील प्लांट से प्रवीण कुमार आगरकर नई कार्यकारिणी में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ चुनाव के लिए नामांकन शुरू

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया 14 से 19 अक्टूबर तक चलेगी। अभ्यर्थियों की सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 21 अक्टूबर को होगा। प्राँतीय प्रमुख निर्वाचन अधिकारी सुधीर गौतम, सहायक निर्वाचन अधिकारी वाय.के.दिल्लीवार, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ.रविन्द्र सिंह चौहान को बनाया गया है। दावा-आपत्ति - 22 अक्टूबर तक और नाम वापसी 23 से 24 अक्टूबर तक होगी। अभ्यर्थियों की सूची का अंतिम प्रकाशन 25 अक्टूबर और मतदान 10 नवंबर को होगा। मतदान के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। मतदान क्रमांक 1 से 5 स्थान प्रांतीय कार्यालय पेंशन बाड़ा रायपुर और क्रमांक 6 स्थान चंडी मंदिर परिसर घुंचापाली (बागबाहरा) जिला महासमुन्द है। जो भी सदस्य नामांकन दाखिल करेंगे और प्रांतीय महासभा के सदस्य नहीं है उन्हें वे अपनी सदस्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपने जिले के जिलाध्यक्ष/सचिव से प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना होगा। जो प्राँतीय परिषद के सदस्य है उन्हें केवल आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना है। 9 नवम्बर शाम को प्राँतीय महासभा की बैठक होगी उसमे प्राँत द्वारा निर्धारित प्रारूप मे परिचय पत्र लेकर आना होगा तभी भीतर प्रवेश करने दिया जाएगा। वही परिचय पत्र मतदान के समय भी प्रस्तुत करने की अनिवार्यता होगी।

### एफएसएनएल में राजभाषा पर संगोष्ठी



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के निगमन कार्यालय भिलाई में राजभाषा सप्ताह के समापन पर राजभाषा तकनीकी संगोष्ठी हुई । मुख्य अतिथि स्वामी स्वरुपानंद महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष शर्मिला सामल और अध्यक्षता उप महाप्रबंधक प्रभाकर सिंह ठाकुर ने की। कलाकार सान्या कंबोज भी अतिथि थीं। श्री ठाकुर ने कहा हिंदी बेहद आसान विषय है। हिंदी का प्रयोग सिर्फ कार्यालय संबंधी कार्यो में नहीं बल्कि तकनीकी क्षेत्र में भी आसानी से किया जा सकता है। श्री अनंत ने कहा कि वैज्ञानिक ज्ञान और कौशल का उपयोग करके वस्तुओं और प्रणालियों को बनाने और उपयोग करने की प्रकिया को कहते हैं। प्रौधोगिक, व्यावहारिक और औदयोगिक कलाओं और प्रयुक्त विज्ञानों से संबंधित अध्ययन या विज्ञान का समूह है। शर्मिला सामल ने कहा कि–उचय''उपलब्ध संसाधनों का दक्षतापूर्वक तथा प्रभावपूर्ण तरीके से उपयोग करते हुए लोगों के कार्यों में समप्वय करना ताकि लक्ष्यों की प्राप्ति सुनि"चत की जा सके। प्रबंधन एक सतत प्रक्रिया है। कार्यक्रम का संचालन एफएसएनएल के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने किया । इस अवसर पर शिवदत कुमार चौबे, सरोज कुमार सुबुद्धि, सौरभ राधेशाम थारेवाल, प्रदीप कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## सभी सेक्टरों को चकाचक करने भिलाई ननि की योजना ठंडे बस्ते में

# दो साल बाद भी चमचमाते सेक्टर 5 की तरह नहीं हुआ टाउनशिप का विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के सभी सेक्टरों को बतौर माडल सेक्टर पांच की तरह विकसित किए जाने की योजना भिलाई नगर निगम में ठंडे बस्ते में है। भिलाई निगम सहित टाउनशिप में विकास के लिए सरकार की तीन एजेंसियां हैं। इसके बाद भी व्याप्त बनियादी समस्याओं के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि दो साल पूर्व हुए भिलाई नगर निगम के चुनाव के बाद नए महापौर के शपथ ग्रहण समारोह में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सेक्टर 5 को माडल बताते हुए इसकी तरह अन्य सभी सेक्टरों के विकास की घोषणा की थी। इसके बाद नवपदस्थ महापौर नीरज पाल ने जल्द ही अपने सीएम की घोषणा पर अमल करने एमआईसी में प्रस्ताव लाने का भरोसा दिलाया था।

मेयर बनने के पूर्व सेक्टर 5 के वरिष्ठ पार्षद रहे श्री पाल ने अपने सेक्टर में चौतरफा तेजी से विकास कर चकाचक कर दिया था । इसका लाभ उन्हें महापौर चुने जाने के रुप में मिला। लेकिन दो साल बाद भी टाउनशिप के अन्य 11 सेक्टर सेक्टर पांच की तरह विकसित होने के लिए नगर निगम की बाट जोह रहे हैं। सेक्टर 1,2,3 4, 6,7 और सेक्टर 8, 9.10 व रुआबांधा और मड़ौदा सेक्टर में आवासीय, सफाई आदी बुनियादी सुविधाओं की बदहाली के चलते रहवासियों को दिक्कतों को सामान करना पड़ रहा है। जबकि टाउनशि में विकास के लिए भिलाई निगम के अलावा भिलाई इस्पात संयंत्र और रिसाली नगर निगम भी कार्यरत है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि विकास व रखरखाव की तीन एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी बदहाल नागरिक सुविधाओं को अपडेट नहीं किए जाने का खामियाजा टाउनशिपवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

### आवासीय, सफाई और आवारा मवेशियों की समस्याओं से लोग परेशान



### सर्वसुविधायुक्त व चकाचक है सेक्टर 5

महापौर नीरज पाल के गृह वार्ड सेक्टर 5 की पहचान एक विकसित वार्ड के रुप में है। उन्होंने अपनी जागरुकता और सामने चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए हर सुविधा के मामले में भिलाई निगम से सक्रियता व तेजी से विकास करवाकर चकाचक करवाया। इस वार्ड में चमचमाती चौड़ी सड़कें, सभी तरफ जगमगाती एलईडी स्ट्रीट लाइटें, सड़कों पर कैटआई,कई आकर्षक उद्यान, बैडमिंटन कोर्ट, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स,चौड़ी नालियां, साफ सुधरा पूरा वार्ड, मार्केट व सड़कें, संधारित व सुविधायुक्त इस्पात क्लब, नियमित व सख्त सफाई की व्यवस्था,वाटर एटीएम, सभी पक्की क्रास स्ट्रीटें,डोमशेड्स, भव्य शहीद पार्क आदि कई सुविधाओं से परिपूर्ण यह वार्ड है। यह तेजी से विकास मात्र पिछले दस साल के दौरान हुआ है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर पांच के विकास को देखते हुए पूर्व सीएम ने इस वार्ड की तरह सभी सेक्टरों का विकास करने का सार्वनिक ऐलान किया था।

### अन्य सेक्टरों में बुनियादी समस्याएं यथावत

सेक्टर 5 के अलावा टाउनशिप के अन्य सभी वार्ड पिछले कई साल से अब मेंटेनेंस से आगे बढ़कर कायाकल्प की मांग कर रहे हैं। पंद्रह बीस साल पूर्व नीट एंड क्लीन दिखाई देने वाली टाउनशिप चौतरफा समस्याओं से ग्रस्त है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि 50 साल पूर्व बने आवासीय ब्लाक जर्जर हो चुके हैं। इनमें सीपेज, छज्जा गिरने व टायलेट जाम आदि की समस्या रोजमर्रे की बात हो गई है। अन्य सेक्टरों मेंबीएसपी सौ से अधिक अनफिट ब्लाकों को सुरक्षा की दृष्टि से डिस्मेंटल भी कर चुका है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमघट, जर्जर क्रास स्ट्रीटें व इस्पात क्लब, आए दिन बिजली गुल, मार्केटों में बदहाल बुनियादी समस्याएं, टिमटिमाती कई स्ट्रीट लाइटें, अवैध कब्जे और बढ़ती अराजकता आदि चौतरफा समस्याओं से बीएसपी कर्मी रहवासी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बीएसपी, नगर निगम भिलाई व रिसाली जमीनी स्तर पर सक्रियता से टाउनशिप की पुरानी पहचान लौटा सकते हैं।

# चाकू से हमला करने वाले दो युवक समेत अपचारी बालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- खुर्सीपार पुलिस को मिली सफलता
- तीनों आरोपी जबरन गरबा करने की जिद कर रहे थे

गरबा नृत्य बंद होने की बात को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष मामले में पुलिस ने नाबालिग समेत तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 109.3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि न्यू खुर्सीपार निवासी सुनील धृतलहरे अपने मोहल्ले की समिति मां वैष्णो मित्र मंडल के सदस्यो के साथ पंडित नेहरू स्कुल में गरबा कार्यक्रम देख रहा था। तभी रात 10:30 बजे गरबा कार्यक्रम बंद करवा रहे थे इस दौरान जुगनू उर्फ हरिशंकर, लोकेश्वर सोनवानी, कृष्णा शर्मा ऊर्फ बैगा पहुचे। गरबा कार्यक्रम को क्यो बंद करने की बात को लेकर विवाद करने लगे। बाक्स नही बजाने की बात को लेकर जुगनू आक्रोशित होकर जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित को अपने जेब में रखे धारदार चाकू से हमला कर फरार हो गया। घटना में पीड़ित को दाहिने सीने के नीचे चोट आई है। बीच बचाव करने राहुल केसरवानी और आकाश चौहान पहुचे थे । तब आरोपी जुगनू के साथी लोकेश्वर सोनवानी ने अपनी जेब से धारदार चाकू निकालकर आकाश चौहान के नाभी के नीचे गुप्तांग के पास जोरदार प्रहार कर दिया। जुगनू का दुसरा साथी कृष्णा शर्मा ऊर्फ बैगा ने राहुल केसरवानी को दाहिने कमर पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। खबर लगने पर खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भरतद्वाज की टीम के साथ घटनास्थल पहुचे गंभीर रुप से घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाया गया। जहां से शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी रेफर किया गया।

### घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा

खुर्सीपार पुलिस और एसीसीयू टीम ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। लोकेशन मिलने की सूचना पर घेराबंदी कर वार्ड 51 दुर्गा मंदिर बाबा चौक खुर्सीपार निवासी हरिशंकर यादव उर्फ जुगनु, दुर्गा मंदिर जोन तीन कृष्णा शर्मा उर्फ बैगा और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय पेश किया। बालक को किशोर न्याया बोर्ड दुर्ग भेजा गया है। कार्रवाई में टीआई अम्बर सिंह और एसीसीयू प्रभारी तापेश्वर नेताम समेत उनकी टीम का बड़ा योगदान रहा है।

# वार्ड 24 और 35 में पार्षद उपचुनाव की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई निगम के वार्ड 24 और 35 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। निगम ने बुधवार को छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई वार्ड 24 एवं 35 का निर्वाचन नियमावली का प्रकाशन किया। यहां के पार्षद अयोग्य करार दिए गए थे। इसलिए ये पद रिक्त हैं।

### निर्वाचन नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया निगम ने



### दावा- आपत्ति 23 तक

निर्वाचन नामावली 1 जनवरी 2024 के आधार पर तैयार की गई है। कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त अर्हकारी तारीख के संबंध में निर्वाचक नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किये जाने या किसी प्रविष्टी को संशोधित करने के लिए दावा करना चाहे या किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में आपत्ति करना चाहे, वह इस सबंध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्रारूप (फार्म) में से कार्यालय समय के दौरान पेश कर सकते हैं। दावा आपत्ति की अंतिम तिथि23 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक है।

### अवलोकन कर सकते है वार्डवासी

वार्ड वासियो के सुविधा के लिए निर्वाचन नामावली वार्ड मतदाताओं को निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगा। जिसको मतदाता कार्यालयीन अवधि में वार्ड क्र. 24 हाउसिंग बोर्ड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं वार्ड क्रं. 35 शारदा पारा केंप-2 जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जाकर निरीक्षण कर आपत्ति दर्ज करा सकते है। मतदाता मुख्य कार्यालय के जनगणना शाखा के कक्ष क्रमांक 53 में कार्यालयीन अवधि में आकर मतदाता सूची का अवलोकन भी कर सकते है।

# बीएसपी के परिधीय क्षेत्रों में बढ़ रहा स्वास्थ्य सेवा का दायरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में 73975 लाभान्वित

सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्त्व विभाग द्वारा परिधीय क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। वर्ष 2019 से 2024 तक नियमित शिविर किए जा रहे हैं। अब तक 314 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा चुके हैं और 73975 आमजन लाभान्वित हुए हैं।

स्वास्थ्य शिविरों से इस दौरान भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय सेक्टर 6, आरोग्य निकेतन, स्मृति नगर समेत सियान सदन में कुल 56355 लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। संयंत्र और खदानों के परिधीय ग्रामों में प्रत्येक माह नियमित रूप से निःशुल्क चिकित्सकीय शिविरों का आयोजन कर, लोगों की जांच करके दवाईयों का वितरण किया जाता है। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा संचालित, भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय सेक्टर 6 में प्रतिदिन एवं आरोग्य निकेतन स्मृति नगर, भिलाई में सप्ताह में तीन दिन निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देकर दवाई का वितरण किया जाता है।

### जेएनएल में टीबीमुक्त सेवा

बीएसपी द्वारा संचालित सेक्टर 9 स्थित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र प्रदेश के सर्वोत्तम मल्टीस्पेशैलिटी अस्पतालों में से एक है, जहां बीएसपी कार्मिकों के निशुल्क इलाज के साथ जनसामान्य के लिए भी निम्न दरों पर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत "निक्षय मित्र" के रूप में पंजीकृत है। इस कार्यक्रम के तहत सेक्टर 9 जेएनएल हास्पिटल (डाट्स) सेंटर में पंजीकृत टीबी रोगियों को गोद लिया जाना है और उन्हें श्वसन विभाग द्वारा उनके नैदानिक मूल्यांकन और फालोएप के साथ अस्पताल के आहार अनुभाग से आहार पर सलाह और मार्गदर्शन के साथ–साथ मुफ्त पोषण, निर्धारित समयावधि पर लैब टेस्ट और रेडियोलजिकल मूल्यांकन संबंधी सहायता प्रदान करना है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## हर कर्मचारी को हो रहा पांच से बीस हजार का नुकसान

# सेल कर्मियों को भारी पड़ रही वेतन समझौता में लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल कर्मचारियों के लंबित अपूर्ण वेतन समझौता के अब तक मुक्कम्मल नहीं किए जाने से कर्मचारियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक सेल में धरने के बाद अब हड़ताल के ऐलान के बाद भी सेल प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

सेल वेतन समझौता में उच्च प्रबंधन की लेटलतीफी के चलते हजारों कर्मचारियों को हजारों रुपए का घाटा हो रहा है। यूनयनों के मुताबिक कर्मचारियों को मात्र दो प्रतिशत कम एमजीबी देने और 8. 5 फीसदी पर्क्स देने से सेल प्रबंधन को प्रति कर्मचारी 5 हजार से 20 हजार रुपए फायदा हो रहा है। वहीं 39 महीने के लंबित एरियर्स,बंद सुविधाएं, छुट्टियों में अंतर, पीएफ और ग्रेज्युटी सीलिंग आदि को जोड़ लें तो 1/3 वेतन का घोटाला प्रति माह हो रहा है। बीडब्ल्यूयू के मुताबिक लंबित वेतन समझौता को अब तक पूर्ण नहीं किए जाने से सेल के हर कर्मचारी को 5 से 20 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। गौरतलब हो कि दो साल पूर्व हुई एनजेसीएस बैठक में हुआ वेतन समझौता अपूर्ण व विवादित था। एनजेसीएस व लोकल यूनियनें तब से लगातार समझौता की विसंगतियो को दूर कर लंबित 30 माह के एरियर्स, एचआरए आदि आदि भुगतान की मांग कर रही हैं। लेकिन प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।



### धरने के बाद हड़ताल की तैयारी

वेतन समझौता को लेकर उच्च प्रबंधन की लेटलतीफी देख केंद्रीय व लोकल यूनियनों द्वारा सेलव्यापी चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसके तहत अधूरे वेतन समझौता को पूर्ण कर 39 महीने के एरियर्स भुगतान, एचआरए देने, बोनस फार्मूला बदलने, ठेका मजदूरों को एस 1 ग्रेड का वेतन देने और बीस हजार बोनस आदि मांगों को लेकर बोनस बैठक बेनतीजा खत्म होने के बाद एनजेसीएस यूनियनों द्वारा चरणद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया था। इसके तहत बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में 5 अक्टूबर को प्रदर्शन व 14 अक्टूबर को धरना दिया गया था। भिलाई में संयुक्त यूनियन ने धरना दिया था। अगले चरण में मांगें पूरी नही होने पर 28 अक्टूबर को पूरे सेल में हड़ताल का ऐलान किया गया है।

निःशुल्क निःसंतानता परामर्श शिविर
पूर्व पंजीयन अनिवार्य
दिनांक - 17 से 19 अक्टूबर 2024
समय - दोप. 12 बजे से 3 बजे तक
97554 21861
स्थान - आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग में
निःसंतान दंपतियों का आधुनिक पद्धति से उपचार
छत्तीसगढ़ का पहला डेडिकेटेड इनफर्टिलिटी सेंटर जहां पति और पत्नी की सम्पूर्ण समस्या का इलाज एक ही छत के नीचे |
किलकारी फर्टिलिटी सेंटर KFC खुशियों की किलकारी
निःसंतानता (IVF) विशेषज्ञ एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट
डॉ. रैनी अग्रवाल
MD (Gold Medalist), DNB (New Delhi)
PDFRM (Apollo Chennai), IAVA (Mumbai)
MNAMS, FMAS, IASRM
एंड्रोलॉजिस्ट एवं मेंस हेल्थ स्पेशलिस्ट
डॉ. नवीन राम दारुका
M.CH (UROLOGY) BHU
Andrologist & Men's Health Specialist
97554 21861, 0788-2990458 | आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NH-53, ऑपोसिट टोयोटा शोरूम, डी-मार्ट के पास, दुर्ग बाईपास रोड, कादंबरी नगर, दुर्ग छत्तीसगढ़
info@ashaarogyam.com ashaarogyam.com aarogyam hospital


वियतनामी रंग

## लाइव इवेंट

### कामधेनु यूनिवर्सिटी करेगी सूअर पालन को प्रमोट, दावा:किसानों को डबल आमदनी



**भिलाई।** सूअर पालन से दोगुनी या इससे ज्यादा की आमदनी हो सकती है। यह दावा कामधेनु विश्वविद्यालयय अंजार ने किया है। इसे लेकर 22 से 24 अक्टूबर के मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। इसमें प्रदेशभर के किसान, व्यापारी शामिल हो सकते हैं। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन एवं वेटनरी कॉलेज के डीन डॉ. संजय शाक्य के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. रामचंद्र रामटेके ने बताया कि सूकर पालक किसानों एवं उद्यमियों के विशेष मांग पर तीन दिवसीय सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूअर हर छह-छह महीने में 10-10 बच्चे तक जन्म देती है। नार्थ इस्ट और आदिवासी अंचलों में सूअर का मांस खूब पसंद किया जाता है। इसी खासी डिमांड हैं। छत्तीसगढ़ में सूकर पालन की संभावनाएं हैं। यह क्षेत्र जलवायु के लिहाज से उपयुक्त हैं। प्रशिक्षण के दौरान उनके आवास एवं सामान्य प्रबंधन, आहार प्रबंधन, सूकर में आकस्मिक शल्य चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार, सूकर में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण, रोकथाम, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार द्वारा

- कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में 22 से 24 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण

## सिटी इवेंट

### राज्य के एक मात्र मत्स्यिकी कॉलेज में एडमिशन शुरू, 12 नवंबर तक प्रक्रिया



**भिलाई।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा के अंतर्गत संचालित प्रदेश के एकमात्र मातस्यिकी महाविद्यालय कवर्धा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रथम वर्ष, बीएफएससी पाठ्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली के माध्यम से प्रवेश 2024-25 के लिए 16 सीट निर्धारित थी, जो लगभग भर चुकी है। राज्य स्तर के प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन 23 सितंबर से 07 अक्टूबर तक नियत किया गया था। इसे बढ़ाकर 12 अक्टूबर किया गया था। अभ्यर्थी अपना पंजीयन विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsvckvdurg.ac.in एवं https://cgkvmis.cg.nic.in पर ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं। पंजीयन के आधार प्रवेश प्रक्रिया बुधवार को शुरू हुई। स्व. पूनाराम निषाद मातस्यिकी महाविद्यालय मजगांव रोड, सवई कछार, कवर्धा में सीट रिक्त होने पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश की प्रक्रिया 12 नवंबर तक की जाएगी। इस बारे में अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट ली जा सकती है।

## सिटी इवेंट

### 12वीं के आधार पर ऑफलाइन एडमिशन प्रक्रिया 18 को



**भिलाई।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत संचालित वेटनरी पॉलिटेक्निक जगदलपुर, महासमुंद, राजनांदगांव एवं सूरजपुर के डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंन्ड्री एवं मातस्यिकी पॉलिटेक्निक धमधा दुर्ग में डिप्लोमा इन फिशरीज साइंस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु कक्षा बारहवीं में बायोलॉजी ग्रुप (भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान विषय) से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए मेरिट के आधार पर ऑफलाइन काउंसलिंग (प्रवेश) 18 अक्टूबरको दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा कैंपस में आयोजित है। प्रक्रिया कृषक छात्रावास में होगी। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dsvckv.ac.in एवं http://cgkvmis.cg.nic.in पर उपलब्ध हैं।

● **देशराग का आयोजन : नृत्यधाम कला समिति के तत्वावधान में 21 अक्टूबर तक हो रहा आयोजन**

# भरतनाट्यम और कथक की भावभंगिमा प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध, विजेता सम्मानित

संगीत और नृत्य एक ऐसा माध्यम है जो विभिन्न संस्कृतियों को जहां एक साथ जोड़ता है, वहीं इससे जुड़े कलाकारों और रसिकजनों को भी आनंद प्रदान करता है। इसी सांस्कृतिक धरोहरों को जोड़ने का अद्भुत कार्य इन दिनों दुर्ग और भिलाई में हो रहा है। दुर्ग में सुराना कॉलेज और भिलाई में एसएनजी स्कूल सेक्टर-4 में इसे लेकर ओपन राष्ट्रीय नृत्य, संगीत सहित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 21 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए देश के अलग-अलग शहरों से प्रस्तुति देने बच्चे अपने परिजनों के साथ भिलाई पहुंच रहे हैं। करीब 2 हजार बच्चों ने इस प्रतियोगिता में प्रस्तुति के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।




भिलाई। नृत्यधाम कला समिति द्वारा देश राग नाम से यह आयोजन किया जा रहा है। डॉ. राखी रॉय ने बताया कि बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ये प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में शामिल होने अलग-अलग शहरों से बच्चे पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से बच्चों की प्रस्तुति प्रारंभ होती है, जो रात करीब 10 बजे तक चलती है। जज के रूप में जॉनसन, चैतन्य बोरकर, युवराज और रजनी मेनन विजेता बच्चों का चयन कर रही है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को रोज मोमेंटों और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जा रहा है। अब तक 1300 प्रतिभागियों को सम्मान किया जा चुका है। आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक, मोहिनी अट्टम जैसे नृत्य खूब वाहवाही बटोर रहे हैं, इन्हें देखने के लिए कला प्रेमी प्रतिदिन आयोजित केंद्रों तक पहुंच रहे हैं। नृत्यों की दर्शकों से काफी सराहना भी मिल रही है। नौ दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से आए करीब दो हजार कलाकार प्रस्तुति देंगे। बच्चों की प्रस्तुति कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर रही है।

### अंतर राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुति का मिलेगा मौका

डॉ. राखी रॉय ने बताया कि विजेताओं को अंतर राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान कराया जाएगा। इससे भारत के बाहर अपनी कलात्मक छवि को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता की भावना और मान्यता की भावना कलाकार को कला और संगीत के चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। विजेताओं को व्यक्तिगत रूप से स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक और योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। भले ही वे एकल और समूह में भाग ले रहे हों। डॉ. रॉय ने प्रतिभागियों से उच्च लक्ष्य निर्धारित की बात कही।



### कड़ी मेहनत, अध्ययन और आत्मविश्वास से मिलती है सफलता

डॉ. राय ने कहा कि पैरेंट्स बच्चों में आत्मविश्वास और आत्म नेतृत्व विकसित करें, जो बाद में कलाकार को इमानदारी, संवेदनशीलता, उनकी कला प्रतिभा के प्रति जागरूकता के मॉडल में बदल देगा। उन्हें समृद्ध समृद्ध जीवन की भावना प्रदान करेगा। बता दें कि नृत्यधाम कला समिति का यह 18 वां आयोजन है। इनमें कई कई प्रतिभागी ऐसे भी हैं जो डॉ. राखी रॉय से नृत्य सीख चुके हैं। कलाकारों ने भरतनाट्यम नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दे दर्शकों से तालियां बटोरी। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और अध्ययन से ही सफलता मिलती है।






# अहिल्याबाई भारतीय संस्कृति की मूर्तिमान प्रतीक, जिन्होंने इंसानियत के लिए किया काम : उमरे

**भिलाई।** अहिल्या बाई होल्कर समिति द्वारा अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर चिखली, खपरी और सिरसा के हायर सेकंडरी स्कूल में विचार संगोष्ठी किया गया। इसमें वक्ता के रूप में समिति के संरक्षक दिलेश्वर उमरे उपस्थित थे। उन्होंने खपरी में कहा कि अहिल्याबाई भारतीय संस्कृति की मूर्तिमान प्रतीक थीं। कितनी ही आपत्तियों के प्रसंग तथा कसौटियों के प्रसंग उस तेजस्विनी पर आए, लेकिन उन सबका बड़े धैर्य से मुकाबला कर धर्म संभालते हुए उन्होंने राज्य का संसार सुरक्षित रखा, यह उनकी विशेषता थी। उन्होंने भारतीय संस्कृति की परम्पराएं सबके सामने रखीं। भारतीय संस्कृति जब तक जागृत है, तब तक अहिल्याबाई के चरित्र से ही हमें प्रेरणा मिलती रहेगी। अहिल्याबाई ने अपने पति और ससुर की मृत्यु हो जाने पर उनकी स्मृति में इंदौर राज्य तथा अन्य राज्यों में विधवाओं, अनाथों, अपंग लोगों के लिए आश्रम बनवाएं। अहिल्याबाई होल्कर ने ही कन्याकुमारी से लेकर हिमालय तक अनेक मंदिर, घाट, तालाब, दान संस्थाएं, भोजनालय, धर्मशालाएं, बावरिया इत्यादि का निर्माण करवाया। आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष रश्मि राजपूत, उपाध्यक्ष हेमलता सिंह, निकष साहू, सपना शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



# विसर्जन के बाद शिवनाथ नदी में गंदगी, अब तक नहीं हुई सफाई

**भिलाई।** गणेशोत्सव और दुर्गोत्सव के बाद शिवनाथ नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है। इसके बाद से नदी में गंदगी पसरी हुई है। इसे लेकर समाजसेवी संस्थाओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि नदियों और तालाबों की अभियान चलाकर सफाई कराई जाए। वर्तमान में शिवनाथ नदी और खारून नदी, मरोदा डैम सहित अन्य तालाबों में प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद की गंदगी फैली हुई है। इससे नदी और तालाबों का पानी प्रदूषित हो गया है। इसे लेकर जनदर्शन में ज्ञापन भी सौंपा गया। समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों ने कहा कि सामान्यतः सफाई को लेकर श्रमदान अभियान चलाया जाता है। ऐसे ही श्रमदान अभियान चलाकर इन तालाबों और नदियों की सफाई कराई जाए।

- समाजसेवी संस्थाओं ने सफाई के लिए प्रशासन से लगाई गुहार



**छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ का आयोजन, भिलाई के अलावा कांकेर, धमतरी और रायपुर में खेले जा रहे मैच**

# बीएसपी ने प्लेट कंबाइंड को 41 रनों से हराया दूसरे मैच में रायपुर के सामने राजनांदगांव ढेर

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मैच कांकेर, राजनांदगांव, भिलाई और धमतरी में खेले जा रहे हैं। बुधवार को खेले गए मैचों में भिलाई के सेक्टर-1 मैदान में प्लेट कंबाइंड और बीएसपी के बीच मैच खेला गया। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए इस मैच में बीएसपी ने मैच 41 रन से यह मैच जीत लिया। बीएसपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 157 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी प्लेट कंबाइंड की टीम 116 रन पर ढेर हो गई। इस प्रकार बीएसपी ने यह मैच बड़ी ही आसानी से जीत लिया। दूसरा मैच राजनांदगांव में खेला गया। राजनांदगांव और रायपुर के बीच हुए इस मैच में रायपुर ने 7 विकेट से जीत हासिल की। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 177 रन बनाए। रायपुर के बल्लेबाजों ने अपने चिरपरिचित अंदाज में खेलते हुए महज तीन विकेट में ही 180 रन बना लिए।



### बिलासपुर ने बीसीए की टीम को 8 विकेट से हराया

धमतरी में टूर्नामेंट के अंतर्गत खेले गए एक अन्य मैच में बीसीए और बिलासपुर के बीच मुकाबला हुआ। मुकाबला एक तरफा रहा। बिलासपुर ने यह मैच आठ विकेट से जीता। बीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 144 रन बनाए। जवाब में बैटिंग करने उतरी बिलासपुर की टीम ने महज दो विकेट खोकर 145 रन बना लिए। इसी प्रकार न्यू ग्राउंड कांकेर में दुर्ग और सरगुजा के बीच मैच खेला गया। दुर्ग ने यह मैच 49 रनों से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग की टीम ने 179 रन बनाए। सरगुजा की टीम 130 रन पर ढेर हो गई।

### 22 अक्टूबर तक खेले जाने हैं मैच, अलग-अलग पूल में खेल रही टीमें

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 एलीट ग्रुप एक दिवसीयअंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता बुधवार से शुरू हुई। प्रतियोगिता के अंतर्गत 22 अक्टूबर तक मैच खेले जाने हैं। इसके लिए दो पुल बनाए गए हैं, पूल ए में बीसीए, बिलासपुर, दुर्ग एवं सरगुजा की टीम शामिल हैं। वहीं पुल बी में रायपुर, राजनांदगांव, प्लेट कंबाइंड और बीएसपी की टीम शामिल की गई हैं। पुल ए के मैचेस धमतरी एवं कांकेर में खेले जा रहे हैं। पुल बी के मैचेस राजनांदगांव एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में खेले जा रहे हैं। मैचों का शेड्यूल पहले ही जारी कर दिया गया है। इसके हिसाब से ही मैच की तारीख तय की गई है। लगभग सभी दिनों में मैच होने हैं।

सिटी इवेंट

## शैक्षणिक अध्ययन में सीखा एनिमल हैंडलिंग और दवा का परीक्षण



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के फॉर्मेसी विभाग में अध्ययनरत बी.फॉर्मा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा में एमओयू के तहत शैक्षणिक अध्ययन का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक अध्ययन में विद्यार्थियों ने एनिमल हैंडलिंग, डिटेक्शन हाऊस, पोस्टमार्टम हाऊस, फॉर्माकोलॉजी लैब का भ्रमण किया और कार्यप्रणाली को सीखा। विद्यार्थियों ने स्माल एनिमल हाऊस में एक्सपेरिमेंटल एनिमल-खरगोश, एलबिनोमाइस, स्माल एलबिनोमाइस इत्यादि के बारे में एनिमल हैंडलिंग का अध्ययन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न तरह के एनिमल हैडलिंग का ज्ञान कराना था, जिससे वे भविष्य में दवा का परीक्षण आसानी से कर सकें। विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं। शैक्षणिक अध्ययन के दौरान कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा के साइंटिस्ट डॉ जसमीत सिंह, डॉ. श्रृद्धा नीति एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. सी.एस. सनत असिस्टेंट प्रोफेसर का सहयोग प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों का नेतृत्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रगति बघेल, सहायक प्राध्यापक श्रुति पॉल, नेहा शर्मा और वीरेन्द्र वैष्णव ने किया। इस शैक्षणिक अध्ययन का आयोजन डॉ. विजेन्द्र सूर्यवंशी, डीन फॉर्मेसी के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। भारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी.एन. तिवारी, उप-कुलपति डॉ. आर.एन.सिंह, ग्रुप रजिस्ट्रार घनश्याम साहू, सीओओ प्रभजोत सिंह भुई ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

धर्म लाइव

## महिलाओं की आजादी में बाबासाहेब योगदान, मनाया प्रवर्तन दिवस



**भिलाई।** डा.बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर द्वारा 1956 को बौद्ध धम्म ग्रहण किये जाने व इसकी 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर चन्द्रमणि बुद्ध विहार कैम्प 1 भिलाई तथा पंचशील बुद्ध विहार खुर्सीपार मे धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनिल मेश्राम ने कहा कि डा. आम्बेडकर ने धार्मिक कुरीतियो के विरूद्ध जाकर विज्ञान व कर्म पर आधारित बौद्ध धम्म को अपनाकर हमे सम्मान से जीने का हक दिया, उनके जातिविहीन समतामूलक समाज की स्थापना के उद्देश्य से 14 अक्टूबर 1956 को चलाये गये इस धम्म चक्र की गति को हमे गतिमान रखना होगा और बौद्ध संपदा व संस्कृति को संरक्षित रखना होगा। पंचशील बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष भागवत शेंडे ने कहा कि सबसे पहले हमे अपने घर को परिवार को बौद्धमय करना होगा। चंद्रमणि बुद्ध विहार समिति के गौतम खोब्रागड़े ने कहा कि जिस तिथि को डा.बाबासाहेब आम्बेडकर ने बौद्ध धम्म की दीक्षा ली उसी तिथि 14 अक्टूबर को ही धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस समारोह आयोजित किये जाने चाहिए, क्योंकि हम शस्त्र के पुजारी नही है इसलिए डा.बाबासाहेब आम्बेडकर की धम्म में जन्म की तिथि 14 अक्टूबर ज्यादा महत्वपूर्ण है। संगीता पाटिल ने कहा कि भारत की सभी महिलाओ की आजादी व उनके विकास और उन्नति में अमूल्य योगदान डा.बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का रहा है, उनके द्वारा दिये गये संवैधानिक अधिकारो के कारण ही आज एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश की राष्ट्रपति बन पाई है। दोनो बुद्ध विहारो में बौद्ध समाज के अनेक बौद्ध उपासक व उपासिकाएं उपस्थित थी।

सिटी इवेंट

## टेबल-टेनिस में दुर्ग रीजन के विजेता खिलाड़ियों का किया गया अभिनंदन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज अन्तरक्षेत्रीय टेबल-टेनिस प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित दुर्ग रीजन के विजयी खिलाड़ियों ने क्षेत्रीय मुख्यालय में मुख्य अभियंता एम.जामुलकर एवं क्रीड़ा परिषद के पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात की। मुख्य अभियंता एवं क्रीड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। रायपुर में आयोजित प्रतियोगिता में दुर्ग क्षेत्र के रजनीश ओबेराय ने पुरुष सिंगल्स में विजेता की ट्रॉफी हासिल की। पुरुष डबल्स स्पर्धा में दुर्ग के रजनीश ओबेराय एवं बिलासपुर के समीर तिवारी विजेता रहें। इसी तरह टीम इवेंट स्पर्धा में दुर्ग क्षेत्र की टीम उपविजेता रही। उल्लेखनीय है कि दुर्ग रीजन से टेबल टेनिस प्रतियोगिता में तरुण ठाकुर, रजनीश ओबेराय, पी.एल.माहेश्वरी, एम.के.साहू, महेश्वर टंडन, माया चन्द्राकर एवं दिलीप पाठक शामिल हुए। इस अवसर पर श्री जामुलकर ने खिलाड़ियों को शाबासी देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास ने यह सफलता दिलाई है। अगले वर्ष इस प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन करें। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रजनीश ओबेराय एवं पी.एल.माहेश्वरी को राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की टीम में जगह मिली है। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, एस.मनोज एवं ए.के.लखेरा, कार्यपालन अभियंता सनीली चौहान एवं अनसुईया ठाकुर, दीपक कुमार डुम्भरे, संतोष साहू सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बधाई दी।

कालीबाड़ी में हुई पूजा, ब्रजमंडल आज मनायेगा शरद पूर्णिमा

# माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने अल्पना से सजाया घर-आंगन, कालीबाड़ी में हुई लोक्खी पूजा

**भिलाई।** सो मां लोक्खी, बोसो मां लोक्खी, थाको मां लक्खी आमार घोरे के पाठ के साथ बंग समुदाय की लक्खी पूजा बुधवार को सभी घरों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूजा को लेकर बंग समुदाय की महिलाओं ने सुबह से ही स्नान करके पूजा की तैयारी में जुट गई थी। महिलाएं पूजा को लेकर सुबह से ही उपवास रखी हुई थी। सदस्यों ने अपने-अपने घरों में आकर्षक अल्पना (गीले चावल आटे से रंगोली) से बनाकर सजाया था। पंडित मानस मिश्रा ने बताया कि दुर्गा पूजा के बाद पूर्णिमा के दिन सभी बंगाली समुदाय के घर पर लक्खी पूजा का आयोजन किया जाता है। इस दिन सभी कालीबाड़ी मंदिरों में शाम को माता का विशेष श्रृंगार कर मंदिर को भी रंग बिरंगी जगमग लाईट से दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस दिन लोग घरों में पूजा कर कालीबाड़ी मंदिर सेक्टर 6 व वैशाली नगर सहित सभी लोग दूर दराज से पहुंचकर कालीबाड़ी में प्रसाद स्वरुप भोग ग्रहण किया।







### अल्पना से सजा घर-द्वार

धन-धान्य की देवी मां लक्ष्मी की आराधना के साथ लक्खी पूजा धूमधाम से मनाई गई। बंग समाज में इस पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही बंगाली समाज की महिलाएं पूजा-पाठ की तैयारी व अल्पना बनाने में व्यस्त दिखी। बंगीय परिवारों में लोक्खी पूजा (लक्ष्मी पूजा) को लेकर दीपावली का सा उत्सवी माहौल रहा।



### काली बाड़ी में हुई विशेष पूजा

बंगाली महिलाओं घर के दरवाजे पर धान की नई फसल को कलश में रख उसको बहू का रूप मान पूजा-अर्चना करती हैं, क्योंकि बहू को ही घर की लक्ष्मी माना जाता है। इसमें सिंदूर, कौड़ी और अन्य सामग्री रखी जाती है। सेक्टर 6, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड, नेहरु नगर, राधिका नगर सहित सभी कालीबाड़ी मंदिर में रात आठ बजे मां लक्खी की विधिवत पूजा की गई। देवी को नारियल की मिठाई, बताशा, खिचड़ी व पूड़ी का भोग लगाया गया। इस संबंध में वैशाली नगर कालीबाड़ी के बिमनदास ने बताया कि लक्खी पूजा बंग समाज का महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन लगभग सभी बंगाली घरों में यह पूजा विशेष रूप से होती है। वहीं कई लोगो ने कोजगरा पूजा भी पूरे उल्लास के साथ मनाया। लोगों ने अपने घरों में मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना पान-मखान-खीर व मिठाई की भोग लगा कर की। माता की पूजा कर उनका प्रिय प्रसाद खीर का भोग लगाया।

### चांद के नीचे रखी खीर, अमृत वर्षा से बनी औषधि

पूर्णिमा तिथि बुधवार शाम साढ़े सात बजे के बाद प्रारंभ होकर गुरुवार शाम साढ़े चार बजे समाप्त होगी। जिसके चलते कई घरों में बुधवार को रात की पूर्णिमा तिथि पड़ने पर पूर्णिमा की पूजा कर खीर का प्रसाद बनाकर शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया। मान्यतानुसार शरद पूर्णिमा पर चांद से होने वाले अमृत वर्षा के लिए चांद की किरणों के नीचे खीर का प्रसाद रखा और सुबह औषधीय युक्त खीर का प्रसाद ग्रहण कर सभी को वितरित किया। गुरुवार को सूर्योदय में पूर्णिमा तिथि के चलते ब्रजमंडल व कई मंदिरों में शरद पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ आज मनाया जायेगा।

#### शरद पूर्णिमा का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व

पौराणिक मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है। उसी के फलस्वरूप खीर का प्रसाद बनाकर चन्द्रमा के किरणों के नीचे रखा जाता है। उसके बाद भगवान का भोग लगाकर वितरण किया जाता है। शरद पूर्णिमा का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व भी है। इस पर्व पर चन्द्रमा से निकलने वाली शीतल व अमृत किरणों से संचित खीर खाने से दमा रोग में फायदा होता है एवं वर्ष भर स्वस्थ रहते हैं।

जागरुकता

## कार्यस्थल पर मानसिक स्वस्थ रहने खेला अंताक्षरी, चेहरे में आई मुस्कान

**भिलाई।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक महत्वपूर्ण चर्चा का आयोजन किया गया। इस चर्चा में विभिन्न वक्ताओं द्वारा कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के उपायों और महत्त्वपूर्ण सुझावों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। चर्चा की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला द्वारा की गई, जिसमें मानसिक



स्वास्थ्य के महत्व और इसे बनाए रखने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला गया। कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जिन प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया गया, उनमें तनाव प्रबंधन, कार्य-जीवन संतुलन, संवाद कौशल का विकास, सकारात्मक दृष्टिकोण और समय प्रबंधन शामिल थे। टी. बबिता विभागाध्यक्ष भौतिकी ने आत्म-देखभाल की आवश्यकता पर बल दिया। ज्योति मिश्रा, स.प्रा. अर्थशास्त्र ने अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने विभाग काम से पूरी तरह से डिस्कनेक्ट करें। टीम को सूचित कर दें और नोटिफिकेशन बंद कर दें ताकि कोई काम का तनाव न हो। फिर स्वयं की देखभाल पर ध्यान दें। अच्छी नींद लें, आराम करें, और पौष्टिक भोजन खाएं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शमा ए. बेग ने कार्यस्थल और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया, खासकर कामकाजी महिलाओं के संदर्भ में। उन्होंने महिलाओं के लिए कार्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच तालमेल बैठाने के कई उपयोगी तरीके साझा किए। डॉ. शर्मिला सामल ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर अपने विचार साझा किए उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के बीच खुला संवाद अत्यंत आवश्यक है, चाहे वे जूनियर हों या सीनियर। इस बातचीत के माध्यम से वे अपनी समस्याओं और चिंताओं को स्पष्ट कर सकते हैं, जिससे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिलती है उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित संवाद और सहानुभूति से कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों को एक-दूसरे की सुनने और समझने के लिए प्रेरित किया, जिससे तनाव को कम किया जा सके। एम.एम. तिवारी क्रीड़ा अधिकारी ने सुझाव दिया शारीरिक गतिविधि करें जैसे योग, चलना या हल्का व्यायाम, जिससे तनाव कम हो और मूड बेहतर हो यह मानसिक शांति लाने में मदद करता है। कार्यक्रम के दौरान, सभी सदस्यों ने मिलकर अंताक्षरी खेला, जिसमें उन्होंने विभिन्न गानों के बोल गाए और एक-दूसरे के साथ समय बिताया। इस खेल ने न केवल सभी के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि एक सामूहिक वातावरण भी बनाया जिसमें सभी ने अपनी चिंता और तनाव को भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशनुमा समय बिताया।

अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से हो चुकी सम्मानित

## नृत्यांगना लेरिना आज प्रयागराज में देंगी कथक नृत्य की प्रस्तुति



**भिलाई।** भिलाई की अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना लेरिना काशीपुरी के द्वारा आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज एवं 20 अक्टूबर को महाराष्ट्र के नागपुर में कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। भिलाई की गौरव लेरिना काशीपुरी विगत कई वर्षों से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपने कला कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करती रही है।

छत्तीसगढ़ से एक युवा और प्रतिभाशाली कथक नृत्यांगना लेरिना काशीपुरी ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा से देश और विदेश में नाम कमाया है। महज 17 साल की उम्र में लेरिना ने कथक नृत्य में अपनी पहचान बनाई है और कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित की गई हैं।

### थाईलैंड में हीरक सम्मान से सम्मानित

देश के विभिन्न राज्यों में कला मयूरी, बाल रत्न, कल सम्मान, नित्य मयूरी, कल वैभव जैसे सम्मानों से लेरिना को सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड, केरल, वेस्ट बंगाल, मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में प्रदर्शन चुकी है। टैलेंट फैशन शो में रैंप वॉक में सेकंड पोजीशन और नृत्य में फर्स्ट पोजीशन हासिल की। देशराग कला संस्कृति महोत्सव में कला संस्कृति सम्मान से सम्मानित लेरिना खैरागढ़ यूनिवर्सिटी से कथक नृत्य में डिप्लोमा पूरा किया है। लेरिना ने अपनी इस उपलब्धी का श्रेय अपने गुरु, माता-पिता को देते हुए कहा कि वे अपने देश और शहर का नाम रोशन करना चाहती है और कथक नृत्य के माध्यम से लोगों को अपनी संस्कृति से जोड़कर शास्त्रीय नृत्य को आगे बढ़ाना चाहती है।

भिलाई विद्यालय प्रांगण में भूतपूर्व शिक्षक व विद्यार्थियों का हुआ मिलन समारोह

कार्नर न्यूज

# 1961 से 1977 तक उत्तीर्ण दोस्तों ने मिलकर यादें की ताजा, पुराने गीतों में झूम उठे साथी

**भिलाई।** भिलाई विद्यालय प्रांगण में भूतपूर्व शिक्षक एवं 1961से 1977 तक उत्तीर्ण भूतपूर्व विद्यार्थियों के मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 का सभागार पूर्व विद्यार्थियों से खचाखच भरा हुआ था। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अजय कुमार गुप्ता ने दिल्ली से आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मिलन समारोह की शुरुआत सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय कुमार गुप्ता (संरक्षक भिलाई विद्यालय एलुमनी) द्वारा भूतपूर्व प्राचार्य स्व. आरएन वर्मा के चित्र पर माला चढ़ाकर अनावरण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष नरेश खोसला ने 2012 से स्थापित 2024 तक के एलुमनी कार्यकलापों पर अपने संक्षिप्त विचार रखे।




### पुरानी यादें की ताजा

इस अवसर पर अध्यक्ष नरेश खोसला, अजय कुमार गुप्ता, नरेश ग्रोवर जबलपुर, गिरीश बंसल, राजेन्द्र नायडू उपाध्यक्ष, इन्द्र दत्त मित्तल कोषाध्यक्ष, रामसमुझ महासचिव का पुष्पगुच्छ व शॉल से स्वागत किया। भिलाई विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह पवार का सम्मान पुष्पगुच्छ व शॉल से किया गया। इस दौरान पूर्व छात्र प्रेम प्रकाश पाण्डेय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छ.ग. शासन का पुष्पगुच्छ से स्वागत नेतराम अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि सभी एलुमनी में संरक्षक अजय कुमार गुप्ता, नरेश ग्रोवर अपने व्यस्ततम समय निकाल कर शामिल होते आ रहे हैं। साथ ही सभी ने अपनी पुरानी यादें ताजा की। 1961 से 1977 के एलुमनी साथियों ने अपना संक्षिप्त परिचय दिया।

### गीतों में झूमे पुराने दोस्त

डॉक्टर अरविंद प्रकाश सावंत, सुधीर वैश, दामोदर मुदाफरे, नरेश खोसला, रंजू खोसला, शरदिनी नायडू, राजेश पुरोहित, विनोद प्रसाद, रोबिन , सुरेंद्र कपूर सुभाष रॉय, सिमरन भवाल ने अपने गीत पेश कर खचाखच भरे सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट के झूमने पर मजबूर कर दिया। मनोरंजन और गीत संगीत कार्यक्रम का संचालन रंजू खोसला ने किया। इस अवसर पर भिलाई विद्यालय के मेधावी छात्र और नेशनल खेल में पदक प्राप्त छात्रों और भूतपूर्व शिक्षक बादल कुमार बेनर्जी नागपुर, पुरन्दरे और प्रतिभा बंसल को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र नायडू और आभार व्यक्त नरेश खोसला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत हो चुके 23 साथियों को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### गोवा के साथ ड्रॉ रहा क्रिकेट मैच मयंक-शोभित की शानदार पारी



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 23 सी के नायुडु ट्रॉफी 2024 का आयोजन 13 अक्टूबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच (13-16 अक्टूबर) गोवा अंडर-23 टीम के विरुद्ध गोवा में ही खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। गोवा के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 80.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 268 रन बनाये। गोवा की ओर से शिवेन्द्र ने शानदार 100 रन तथा अजान थोटा ने 60 रन तथा लखमेंश ने 51 रन बनाये। छठें विकेट के लिये शिवेन्द्र तथा लखमेंश ने 135 रनों की महल्वपूर्ण साझेदारी की। छत्तीसगढ अंडर 23 टीम की ओर से दीपक यादव ने 3 विकेट, वरुण सिंह भुई, मयंक यादव एवं अरीन द्विवेदी ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका। चौथे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ अंडर-23 की टीम ने अपनी पहली पारी में 45 ओवरों में 5 विकेट पर 156 बना लिये हैं। कप्तान मयंक यादव ने नाबाद 64 रन तथा शोभित शर्मा ने 60 रनों का योगदान दिया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ।

### 20 खिलाड़ियों के साथ एक कोच अनिवार्य किया एथलेटिक्स संघ ने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के कार्यकारिणी सदस्य,अध्यक्ष/सचिव जिला इकाई, चयनकर्ता, तकनीकी अधिकारी, मुख्य प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षकों की विशेष बैठक रायपुर मे अध्यक्ष जी एस बाम्बरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के सीनियर प्रशिक्षक और तकनीकी अधिकारियों से चर्चा की गई। एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से होने वाली राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट पर भी चर्चा की गई। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की अंडर-14 और 16 में हर जिला की 13 खिलाड़ियों की एक टीम भाग लेगी और छत्तीसगढ़ से लगभग 495 कोच मैनेजर और खिलाड़ी भाग लेंगे। इस पर खिलाड़ियों को अभी से तैयार करने उनके यूआईडी बनाने और तकनीक खामियों को दूर कर उनके प्रदर्शन में सुधार करने के लिए भी चर्चा की गई।

भुवनेश्वर में 25 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 39 वीं नेशनल जूनियर चैंपियनशिप के लिए भी छत्तीसगढ़ की टीम के भाग लेने, चयन,रुकने एवं भुवनेश्वर की व्वस्थाओ पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने 20 खिलाड़ियों के लिए एक कोच अनिवार्य रूप से तय किया गया है। सभी जिले के खिलाड़ियों के लिए एएफआई यूआईडी रजिस्ट्रेशन के लिए भी चर्चा की गई। जूनियर नेशनल के लिए इस सभा में कोच मैनेजर परमेश्वर राम भगत, उमेश निर्मलकर और बालक दास लहरे को नियुक्त किया गया तथा उन्हें खिलाड़ियों से लाने ले जाने की जिम्मेदारी दी गई। सभा में बस्तर मैराथन पर चर्चा की गई। जिसमें 1482 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वही 35वीं वेस्ट जोन पर भी चर्चा हुई। जिसमें 122 खिलाड़ियों में 34 खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किया। उनकी नागपुर में उत्साहित भागीदारी पर चर्चा हुई। टीम मैनेजर आंचल भगत से रिपोर्ट ली गई और अधिक मेडल लाने तथा तकनीकी खामियों को दूर करने विमर्श हुआ।

### छत्तीसगढ़ सीनियर विमेंस टी-20 ट्रॉफी टीम घोषित



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर वूमेंस टी 20 ट्रॉफी 17 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। छत्तीसगढ़ वूमेन सीनियर की टीम के सभी मैच कोलकाता के मैदान में खेले जाएंगे। टीम में बिलासपुर सीनियर की चार महिला खिलाड़ियों में ऐश्वर्या सिंह, दुर्गेश नंदिनी साहू, प्रतिज्ञा सिंह और सृष्टि शर्मा को टीम में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष सभी वर्गों के महिलाओं का ट्रायल के रूप में चयन किया जाता है। इसके पश्चात ही खिलाड़ियों के मध्य सिलेक्शन मैच कराया जाता है और साथ ही पिछले 27 अक्टूबर से से छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वूमेन सीनियर इनविटेशन कप खेला जा रहा था। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम उपविजेता बनी और आंध्र टीम विजई हुई और इनविटेशन कप में प्रदर्शन को देखते हुए ही छत्तीसगढ़ वूमेंस सीनियर टी 20 स्टेट टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।

भुखमरी और पोषण आज पूरी दुनिया में चिंतन का विषय

# हमारी इम्यूनिटी को कमजोर बना रहा ऐसा खाना आहार विशेषज्ञ से जानिए क्या खाएं, क्या न खाएं

हर साल विश्व खाद्य दिवस मनाने का उद्देश्य विश्व भर में भुखमरी और पोषण की कमी के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। फूड दिवस पर कई कार्यक्रमों के जरिए लोगों को भुखमरी के खिलाफ आवाज उठा कर सचेत किया जाता है। साथ ही भुखमरी और पोषण के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

16 अक्तूबर 1945 में फूल और एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन (फाओ) की स्थापना हुई थी। फाओ के स्थापना दिवस के मौके पर विश्व खाद्य दिवस मनाने का फैसला लिया गया। भोजन या खाद्य सामग्री शरीर को स्वस्थ रखने, ऊर्जावान देने के लिए बेहद आवश्यक है। ऐसे में स्वस्थ खानपान शरीर को अधिक मजबूती देता है। इसके अलावा रोगों के जोखिमों से बचाने के लिए इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में भी कुछ खाद्य पदार्थ विशेष भूमिका निभाते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, इम्युनिटी का बनना सतत प्रक्रिया है यानी कि इसके लिए आपको लगातार प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है। इसमें पौष्टिक आहार की विशेष भूमिका होती है। हालांकि कुछ खाद्य सामग्रियां ऐसी भी हैं जिनका सेवन इम्यूनिटी को नुकसान पहुंचा सकता है। विश्व खाद्य दिवस के परिप्रेक्ष्य में आहार विशेषज्ञ डॉ. सुदेशना भट्टाचार्य से जानिए कि आहार की किन चीजों से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचने का खतरा हो सकता है?



### तले हुए खाद्य पदार्थ शरीर को पहुंचाते हैं नुकसान

प्रतिरक्षा प्रणाली से लेकर संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए तला भुना खाना काफी नुकसानदायक हो सकता है। ज्यादा तली चीजों में एडवांस ग्लाइकेशन एंड प्रोडेक्ट्स (एजीई) की अधिकता होती है, ये यौगिक स्वाभाविक उच्च तापमान पर चीजों को तलने से उत्पन्न होते हैं। एक शोध में वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि जो लोग अक्सर फ्रेंच फ्राइज जैसी तली हुई चीजें खाते हैं उनमें अवसाद की समस्या होने का जोखिम अधिक हो सकता है।





### अधिक चीनी-मीठा पेय हो सकता है हानिकारक

अधिक मीठे का सेवन कई रोगों का कारक बन सकता है। ज्यादा मीठी चीजें, चीनी या मीठे पेय जैसे कोल्ड ड्रिंक्स और एडेड शुगर वाली चीजें शरीर को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं। इसके साथ ही ये प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर बनाने का काम भी करता है। मीठे के कारण होने वाली हानि पर किए गए एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि फ्रुक्टोज (चीनी का तत्व) का अधिक सेवन आंत के माइक्रोबायोटा के लिए नुकसानदायक हो सकता है, साथ ही यह शरीर में इंफ्लामेशन के जोखिमों को भी बढ़ा देता है।

### नमक का ज्यादा सेवन भी नुकसानदायक

नमक का अधिक मात्रा में सेवन शरीर के लिए साइलेंट किलर की तरह है। आहार में नमक या ऐसी चीजें हैं जिनमें नमक की मात्रा अधिक होती है, शामिल करने से शरीर को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव ब्लड प्रेशर बढ़ना है जिसे हृदय रोगों का प्रमुख कारक माना जाता है। अध्ययनकर्ता बताते हैं, अधिक मात्रा में नमक का सेवन करने से शरीर में इंफ्लामेशन बढ़ने लगता है जिससे इम्युनिटी को नुकसान पहुंचता है। स्वस्थ लोगों को दिन में 1500 मिलीग्राम से अधिक मात्रा में नमक न खाने की सलाह दी जाती है।

### शराब का शरीर पर नकारात्मक असर

शराब को वैज्ञानिक शरीर का दुश्मन मानते हैं। भले ही आप कम मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं इससे शरीर को नुकसान पहुंच सकता है। यह आंतों-लिवर को नुकसान पहुंचाता है जो प्रतिरक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार शराब आपकी आंत में मौजूद गुड बैक्टीरिया के लिए हानिकारक है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली की एंटीबॉडी बनाने की क्षमता को भी बाधित कर सकता है। लिवर की बीमारियों के साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी इसे हानिकारक पाया गया है।



# वेट लिफ्टिंग के दौरान कलाई में नहीं लगेगी चोट, इन बातों का रखें ध्यान

जिम में वर्कआउट करते हुए हम सभी कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं। कार्डियो से लेकर वेट लिफ्टिंग तक कई तरह का वर्कआउट ना केवल बॉडी को शेप देता है, बल्कि बॉडी स्टेमिना और स्ट्रेन्थ भी बढ़ाता है। हालांकि, कई बार यह देखने में आता है कि जब हम वेट लिफ्टिंग करते हैं तो उस दौरान कलाइयों में इंजरी हो जाती है।

हाथों की मूवमेंट करने से लेकर वजन उठाते समय हम कई छोटी-छोटी चीजों की अनदेखी करते हैं। लेकिन ये छोटी-छोटी बातें वर्कआउट परफार्मेंस को इफेक्ट करती हैं। इतना ही नहीं, इससे कलाई में चोट लगने की संभावना काफी बढ़ जाती है। हालांकि, अगर आप चाहती हैं कि वेट लिफ्टिंग के दौरान आपकी कलाइयों में किसी तरह की इंजरी ना हो, तो ऐसे में आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो कर सकती हैं-

### कलाइयों का भी करें वार्मअप



यह तो हम सभी जानते हैं कि किसी भी वर्कआउट से पहले बॉडी वार्मअप करना बेहद जरूरी होता है। लेकिन अक्सर हम कलाइयों के मूवमेंट पर उतना ध्यान नहीं देते हैं। हालांकि, अगर आप वेट लिफ्टिंग करने वाली हैं तो ऐसे में आपको कलाइयों का वार्मअप भी जरूर करना चाहिए।

इससे आपकी कलाइयों के ज्वॉइंट्स थोड़े ल्यूब्रिकेट हो जाते हैं, जिससे मूवमेंट करना आसान हो जाता है। इसके लिए आप मुट्ठी बनाकर उसे घुमा सकती हैं या फिर एक्सटेंसर स्ट्रेच को बतौर वार्मअप किया जा सकता है।

### रिस्ट रैप का करें इस्तेमाल

अगर आप हैवी वेट लिफ्टिंग करने वाली हैं तो यह सलाह दी जाती है कि आप रिस्ट रैप का पहनकर ही वर्कआउट करें। खासतौर से, बेंच प्रेस, ओवरहेड प्रेस, या हैवी कर्ल वर्कआउट करते समय कलाई में चोट लगने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

लेकिन जब आप रिस्ट रैप का इस्तेमाल करती हैं तो यह आपकी कलाई को अतिरिक्त सपोर्ट देता है, जिससे आपको मूवमेंट के दौरान स्टेबलाइज रहने में मदद मिलती है। ऐसे में कलाई में चोट लगने से बचा जा सकता है। (कोर को स्ट्रेंथ करने वाली एक्सरसाइज)

### सही हो तकनीक

वेट लिफ्टिंग के दौरान अक्सर कलाई में चोट उन्हें लगती है, जिनका बॉडी पोश्चर या तकनीक सही नहीं होती है। अगर आप किसी भी वर्कआउट को बहुत जल्दी-जल्दी करती हैं या फिर गलत तरीके से करती हैं तो इससे आपको कोई फायदा नहीं होता है, बल्कि इससे कलाई में चोट लग सकती है। इसलिए, बेहतर होगा कि आप ट्रेनर की देख-रेख में वेट लिफ्टिंग करें। इससे आपकी कलाई में चोट लगने की संभावना न के बराबर होगी। (पीठ की मसल्स को मजबूत बनाएं)

### बहुत अधिक वजन ना उठाएं

अक्सर यह देखा जाता है कि जब लोग वेट लिफ्टिंग करते हैं तो ऐसे में बहुत हैवी वेट उठाते हैं। वे अपनी बॉडी में कम समय में बदलाव होते हुए देखना चाहते हैं, जिसके कारण जरूरत से ज्यादा वजन उठाते हैं।



# घर में निजी सामान रखते हुए अपनाएं वास्तु नियम

ऋयूं तो हम सभी अपने घर में कई तरह की आइटम्स रखते हैं। जरूरत के सामान से लेकर डेकोरेटिव आइटम्स आदि कई चीजें रखी जाती हैं। आमतौर पर, घर में हर सदस्य का अपना कुछ पर्सनल सामान भी होता है, जिसे लोग अक्सर अपने कमरे में रखते हैं। पर्सनल आइटम्स से व्यक्ति की एनर्जी भी जुड़ी होती हैं, क्योंकि इन आइटम्स को सिर्फ हम ही इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, अगर इन्हें गलत तरीके से रखा जाता है तो इससे व्यक्ति को नेगेटिविटी का अहसास होता है। वास्तु में भी पर्सनल आइटम को रखने के लिए कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका ध्यान रखा जाता है तो इससे आप अपने आसपास पॉजिटिविटी बनाए रख सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आप अपनी पर्सनल आइटम को रखते समय किन बातों का ध्यान रखें-

### यहां रखें बैग

ऑफिस का पर्सनल बैग या ब्रीफकेस ऐसी चीज है, जिसे कभी भी हमेशा सिर्फ एक ही जगह पर नहीं रहना चाहिए। ऑफिस में आते-जाते यह बैग आपके साथ मूवमेंट करता है। इसलिए इसे सही दिशा में रखना चाहिए। बेहतर होगा कि आप इसे वायव्य कोण यानी उत्तर पश्चिम दिशा में रखना अच्छा माना जाता है। आप



इसे अपने कमरे के वायव्य कोण या फिर पूरे घर के वायव्य कोण में रख सकते हैं।

### इस तरह रखें सर्टिफिकेट

किसी भी व्यक्ति के सर्टिकिकेट जीवन में उसकी सफलता के बारे में बताते हैं। साथ ही साथ, आगे बढ़ने में भी मोटिवेट करते हैं। इसलिए, आप अपने पर्सनल सर्टिफिकेट, शील्ड या ट्राफी को उत्तर दिशा के मध्य में रखें। जिससे इसमें हमेशा बरकत होती रहे और आप अपने जीवन में तरक्की करते रहें।

### ऐसे रखें कोर्ट केस के पेपर

अगर आपके पर्सनल सामान में कोर्ट केस के पेपर भी रखे हैं तो यकीनन आप चाहेंगे कि वह कोर्ट केस जल्द से जल्द खत्म हो जाए और आपके पक्ष में ही फैसला आए। ऐसे में सबसे अच्छा रहता है कि आप इसे नॉर्थ-वेस्ट यानी उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें।

# होटल में क्यों हमेशा सफेद प्लेट्स में सर्व होता है खाना, जानें खाने से जुड़े सीक्रेट्स

होटलों में अक्सर खाना सफेद रंग की प्लेट में परोसा जाता है। क्या आपको पता है कि होटलों में सिर्फ सफेद प्लेट्स का उपयोग क्यों होता है। इसके पीछे कई कारण है, जिससे होटल वालों को बड़ा फायदा होता है। जब आप किसी होटल या रेस्तरां में जाते हैं, तो खाने की टेबल पर क्या नोटिस करते हैं? टेबल पर कटलरी के साथ सफेद प्लेट्स आपने भी नोटिस की होंगी। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है? इस विकल्प के पीछे साइंस और रणनीति दोनों है। क्या आपको पता है कि ऐसा करने से होटल को कितना फायदा होता है। साथ ही खाने को लेकर ऐसे कई सारे सीक्रेट्स हैं, जो शायद ही आपको पता होंगे। आइए इस लेख में हम आपको होटल के फूड सीक्रेट्स के बारे में बताएं।

### विजुअल अपील

सफेद प्लेट का उपयोग करने का सबसे बड़ा कारण यह है कि यह रंगीन भोजन के साथ एक अलग कंट्रास्ट प्रदान करता है। सफेद रंग एक स्टेबल बैकग्राउंड के रूप में काम करता है, जिससे खाने का जीवंत रंग उभर कर सामने आता हैं। यह कंट्रास्ट डिश की विजुअल अपील को बढ़ाता है, जिससे यह खाने वाले के लिए अधिक आकर्षक बन जाता है। ग्रीन सलाद, स्पाइसी स्टीक या मलाईदार पास्ता के



बारे में सोचिए जो एक पैटर्न वाली या रंगीन प्लेट पर परोसा जाता है। भोजन भले ही स्टैंड आउट न करे, लेकिन प्रेजेंटेशन मायने रखती है। ऐसा माना जाता है कि खाने वाला पहले आंखों से भोजन का मजा लेता है, इसलिए खाने को वाइब्रेंट दिखाने के लिए व्हाइट प्लेट्स इस्तेमाल होती हैं।

### पोर्शन कंट्रोल को करता है हाईलाइट

डाइनर्स पोर्शन कंट्रोल को कैसे समझते हैं, इसे भी सफेद प्लेटें बहुत ही सटल रूप से प्रभावित कर सकती हैं। चूंकि प्लेट पर पैटर्न या डिजाइन से कोई ध्यान डिस्ट्रैक्ट नहीं होता है, इसलिए भोजन का आकार और मात्रा केंद्र में होती है। रेस्तरां बहुत ही सावधानी से भाग के आकार को नियंत्रित करते हैं और सफेद प्लेट पूर्णता का भ्रम बनाए रखने में मदद करती है।

कार्नर न्यूज

पति-पत्नी के रिश्ते में बहुत जरूरी है प्यार और भरोसा होना

# करवा चौथ पर पति-पत्नी एक-दूसरे से जरूर करें ये वादे, रिश्ते की डोर होगी और भी मजबूत

निभाईए किया हुआ वादा पति पत्नी के रिश्ते में प्यार होना बहुत जरूरी है। प्यार ही है जो किसी भी रिश्ते को स्थिर और मजबूत बनाता है। इससे रिश्ते मे आपसी प्रेम और विश्वास बना रहता है। अगर आपको ऐसा लग रहा की रिश्ते में दूरियां आ रही हैं तो आप अपनी पत्नी को इस करवा चौथ पर 20 अक्टूबर को ये वादे कर के अपने रिश्ते को और मजबूत कर सकते हैं।

### सुख-दुख में साथ रहना

जीवन है तो सुख दुख तो लगा ही रहता है। लेकिन, इस सुख-दुख में जीवनसाथी का साथ होना बहुत महत्वपूर्ण है। इससे रिश्ते में मजबूती आती हैं। कपल हर तरह की परिस्थिति का सामना एक-साथ मजबूती से कर सकते हैं। इस करवाचौथ अपने जीवनसाथी से ये वादा कीजिए कि आप उनके साथ हमेशा और हर परिस्थिति में रहेंगे।

### सम्मान देंगे

हर रिश्ते में सम्मान होना बहुत जरूरी



है। अगर रिश्ते में सम्मान नहीं होगा तो रिश्ता खराब हो जाएगा और आप इस तरह अपने रिश्ते को नहीं बचा नहीं पाएंगे। अपने जीवनसाथी का सम्मान जरूर करें। इसलिए करवा चौथ के मौके पर अपने जीवनसाथी से ये वादा करें कि आप उनका हमेशा सम्मान जरूर करेंगे।

### प्राथमिकता देंगे

हर पार्टनर चाहता है कि उसका साथी उन्हें वक्त दे, प्राथमिकता दे। अन्य बातों और कामों से पहले अपने पार्टनर को महत्व दें। उनकी भावनाओं के पहले रखें। करवा चौथ के मौके पर जीवनसाथी से वादा करें कि आप उन्हें अपने जीवन में सबसे पहले रखेंगे। उनकी बातों को, उनकी पसंद को प्राथमिकता देंगे।

### फैसलों में देंगे साथ

रिश्ते की मजबूती के लिए जरूरी है कि कपल एक दूसरे के फैसलों में उनका साथ दें। पार्टनर के लिए खुद फैसले न लें, बल्कि मिलकर फैसले करें। जीवनसाथी से वादा करें कि आप उनके फैसलों में उनका साथ देंगे। पार्टनर को मनमुताबिक जीने देंगे और उनके भविष्य के निर्णय खुद करने के बजाय उन्हें करने देंगे।

### मिलकर करें समस्याएं हल

हर रिश्ते में कभी न कभी छोटी बड़ी समस्या तो बनी ही रहती है। पर इन समस्याओ को मिल कर हल करना ही असली जीवनसाथी का परिचय है। अगर आप उन लोगों में से है जो समस्याओं से अपना पीछा छुड़ाते हैं तो आप ये सही नहीं कर रहे हैं। अपने जीवन साथी के साथ उनकी हर समस्या में उनका साथ दें



और उनका सहयोग करें और इस करवाचौथ पर उनको वादा करें की आप उनकी हर समस्या में उनका साथ देंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बिक गया वो थियेटर जहां होते रहे ऑस्कर पुरस्कार समारोह



अकादमी पुरस्कार समारोह का घर यानी हॉलीवुड का डॉल्बी थिएटर बिक गया है। डॉल्बी को एली समाहा के नेतृत्व वाले जेब्स हॉलीवुड एंटरटेनमेंट ने खरीदा है। 3,400 सीटों वाले थिएटर के अधिग्रहण की घोषणा 15 अक्टूबर को रियल एस्टेट ब्रोकर एविसन यंग ने की, जो खरीदार का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं, जेब्स की बात करें तो इसका नेतृत्व समाहा द्वारा किया जाता है, जो एक जाने माने फिल्म निर्माता हैं।

जेब्स हॉलीवुड एंटरटेनमेंट एक निवेश समूह है जिसमें 'बैटलफील्ड अर्थ' के निर्माता एली समाहा, सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट के पूर्व अध्यक्ष जेफ सगांस्की और यूएई शासक परिवार के एक सदस्य शामिल हैं। एली समाहा ने हॉलीवुड मनोरंजन, भोजन और नाइटलाइफ स्थलों में भारी निवेश किया है। कंपनी के पास डॉल्बी के बगल में टीसीएल चाइनीज थिएटर और यामाशिरो रेस्तरां भी है, जिसे इस साल की शुरुआत में एविसन यंग के साथ सूचीबद्ध किया था। डॉल्बी थिएटर के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन द रियल डील ने कहा कि यह सौदा कथित तौर पर लगभग 421 करोड़ रुपये (50 मिलियन डॉलर) में हुआ था। जानकारी हो कि डॉल्बी थिएटर साल 2002 से ही ऑस्कर का घर बना हुआ है। इसके अलावा थिएटर लॉस एंजिल्स बैले के 'सिंड्रेला' और 'द नटक्रैकर' और 'अवतारः द लास्ट एयरबेंडर' सहित आगामी कार्यक्रमों के साथ साल भर लाइव कार्यक्रम आयोजित करने वाला है। अधिग्रहण में दो सतही पार्किंग स्थल भी शामिल हैं। खरीदार का प्रतिनिधित्व एविसन यंग के प्रिंसिपल और प्रबंध निदेशक क्रिस बोनब्राइट ने किया।

### टॉलीवुड

## 'दलपति 69' में इस किरदार में नजर आएंगे विजय! आखिरी फिल्म पर अटकलें तेज



साउथ सुपरस्टार विजय की आखिरी फिल्म 'दलपति 69' अपने एलान के बाद से ही सुर्खियां बटोर रही हैं। दर्शकों को फिल्म से जुड़ी जानकारियों का बेसब्री से इंतजार है। निर्माताओं ने एक-एक कर फिल्म के कलाकारों के नाम से पर्दा उठा दिया है और हाल ही में मुहूर्त पूजा के साथ फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। अभिनेता फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है। ऐसा लगता है कि सुपरस्टार एच विनोत द्वारा निर्देशित फिल्म में एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, थलपति विजय अभिनीत इस फिल्म में वह एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे और इसकी अगली शूटिंग इस महीने अभिनेता-राजनेता द्वारा अपनी पार्टी की पहली कॉन्फ्रेंस मीट आयोजित करने के बाद होगी। हालांकि, निर्माताओं या फिल्म के अंदर किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या फिल्म में अभिनेता एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे। हाल ही में एक पूजा समारोह के बाद आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू हुई, इसलिए यह काफी चर्चा में है, क्योंकि यह अभिनेता की आखिरी फिल्म है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा संगीतबद्ध की जा रही इस फिल्म में हाल ही में एक डांस सीक्वेंस की शूटिंग की गई है। यह फिल्म कथ्थी, मास्टर, बीस्ट और लियो जैसी फिल्मों के बाद विजय के साथ अनिरुद्ध की पांचवीं फिल्म होगी। 'दलपति 69' के एक एक्शन-थ्रिलर होने की खबर है, जिसमें कुछ राजनीतिक एंगल भी शामिल होंगे। कुछ हफ्ते पहले फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर एक पोस्टर के साथ इसका अनावरण किया था।

### भोजपुरी

## 'राजाराम' के 'चुम्मा-चुम्मा' गाने में छा गए खेसारी-आकांक्षा



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल की फिल्म 'राजाराम' का नया 'चुम्मा-चुम्मा' रिलीज हो गया। इस गाने में अभिनेता की केमिस्ट्री आकांक्षा पुरी के साथ जमी है। आकांक्षा पहली दफा किसी भोजपुरी गाने में नजर आई हैं। इस गाने में आकांक्षा और खेसारी ने धमाकेदार डांस किया है। लेकिन, उससे भी ज्यादा जबर है खेसारी का अंदाज। अभिनेता लंबे बालों वाले लुक में बिल्कुल जुदा लग रहे हैं। यह 'राजाराम' फिल्म का पहला गाना है। यह गाना दरअसल अमिताभ की फिल्म 'हम' के गाने 'चुम्मा चुम्मा' का भोजपुरी वर्जन है। 'हम' में यह गाना अमिताभ बच्चन और किमी काटकर पर फिल्माया गया था। गाना हिट रहा था। अब 'राजाराम' का चुम्मा चुम्मा खेसारी लाल यादव और मीका दी वोटी विनर आकांक्षा पुरी पर फिल्माया गया है। खेसारी और आकांक्षा पर फिल्माया गया यह गाना शिल्पी राज और खेसारी ने गाया है। सारेगामा के इंस्टा हैंडल से इस गाने को रिलीज करने की जानकारी साझा की गई है और लिखा है, 'इस गाने को बहुत प्यार दीजिए। इस पर रील्स बनाइए'। इस पर फैंस कमेंट कर रहे हैं कि 'गर्दा उड़ा दिया'। फैंस को खेसारी का अंदाज बहुत शानदार लगा है। उनकी फिटनेस देखते बन रही है। साथ ही लंबे बालों में वह जम रहे हैं।

### वियतनामी रंग

लाइफ स्टाइल



वियतनाम का फैशन अपने चमकीले रंगों, जटिल डिजाइनों और विविधता के लिए जाना जाता है। यहां की राष्ट्रीय पोशाक एओ दाई एक लंबा रेशमी अंगरखा है जिसमें एक आरामदायक कॉलर और बाईं ओर बटन होते हैं। इसे पुरुष और महिला दोनों ही नए साल के जश्न जैसे खास मौकों पर पहनते हैं। आधुनिक डिजाइनरों ने एओ दाई के ज़्यादा व्यावहारिक संस्करण बनाए हैं, जैसे कि घुटने तक की लंबाई वाली शैलियाँ और कैज़ुअल कॉलर। वियतनाम में 54 जातीय समूह हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी कपड़ों की शैलियाँ हैं।

## जानिए स्पॉट ट्रीटमेंट और पिंपल पैच के बीच अंतर



क्या किसी खास त्योहार से पहले ही आपके चेहरे पर पिंपल्स हो जाते हैं? ऐसे में दिमाग में यह सवाल आता है कि जल्दी मुंहासे को ठीक कैसे करें? मुहांसों की समस्या से छुटकारा पाने के घरेलू नुस्खे आजमाएं जा सकते हैं। इसके अलावा, पिंपल पैच और एक्ने स्पॉट ट्रीटमें भी किया जा सकता है। अगर स्पॉट ट्रीटमेंट के लिए इस प्रोडेक्ट का ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है, तो ड्राइनेस की समस्या हो जाती है। इसके अलावा, खुजली की भी परेशानी होने लगती है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि त्वचा पर इस प्रोडक्ट का कितना इस्तेमाल करना चाहिए। स्पॉट ट्रीटमेंट एक्ने के अलग-अलग टाइप पर भी इफेक्टिव होते हैं। इसमें सूजन भी शामिल है। पिंपल्स, व्हाइटहेड्स और ब्लैकहेड्स पर भी डायरेक्ट अप्लाई किया जा सकता है। जब एक ही जगह पर बहुत सारे पिंपल्स होने लगे, तब इसे ब्रेकआउट कहा जाता है। ब्रेकआउट्स की समस्या को कम करने के लिए भी ये उपयोगी है। पिंपल पैचेस हाइड्रोकोलॉइड से बनते हैं, जो एक मॉइश्चर अब्जॉर्बिंग ड्रेसिंग है। इनका इस्तेमाल घाव को ठीक करने के लिए भी किया जाता है। पिंपल पैचेस ट्रांसपेरेंट होते हैं। यानी अगर आप चेहरे पर इनका उपयोग करेंगी, तो यह नजर नहीं आएंगे। आप दिन में इनका उपयोग कर सकती हैं। स्पॉट ट्रीटमेंट के मुकाबले पिंपल पैचेस के इस्तेमाल से इरिटेशन कम होती है। यह त्वचा के लिए जेंटल होते हैं। अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स सर्फेस के अंदर हैं, तो इसके उपयोग से फायदा नहीं होगा। यह सर्फेस पिंपल्स के लिए ज्यादा इफेक्टिव है। इसमें फ्लूइड को अब्जॉर्ब करने के लिए हाइड्रोकोलॉइड है, जिससे सूजन नहीं होती है। पिंपल पैचेस प्रोटेक्टिव बैरियर और शील्ड प्रदान करते हैं, जिससे पिंपल पर गंदगी और बैक्टीरिया नहीं पनपते हैं।

क्या आप जानती हैं कि पिंपल्स का कारण त्वचा पर सीबम का अत्यधिक उत्पादन है। सीबम के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं। पिंपल्स की समस्या को कम करने के लिए आपको ऐसे क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जिसमें सैलिसिलिक एसिड और बेंजोयल पेरोक्साइड पाया जाता हो। ये क्लींजर त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद करते हैं। साथ ही, पोर्स को अनक्लॉग भी करते हैं। नॉन कॉमेडोजेनिक मॉइश्चराइजर पोर्स को ब्लॉक किए बगैर त्वचा को मॉइश्चर करने का काम करते हैं।

## शादी का लहंगा खरीदते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान




हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इस दिन उनकी जिंदगी का एक नया आगाज होता है, जिसके लिए हर लड़की ने काफी सपने संजोए होते हैं। अपनी शादी के दिन हर लड़की सब कुछ एक दम परफेक्ट चाहती है। फिर चाहे वो मेकअप हो या फिर आउटफिट। होने वाली दुल्हन कई दिन पहले से ही इस तैयारी में जुट जाती है कि अपने वेडिंग डे पर उन्हें कैसा लहंगा चाहिए और कैसा मेकअप चाहिए। ट्रेंड के हिसाब से वो चीजें खरीद भी लेती हैं।



शादी के लुक को खूबसूरत बनाने में सबसे बड़ा हाथ लहंगे का होता है। ऐसे में अगर लहंगा खरीदते वक्त अगर आप कुछ बातों का ध्यान नहीं रखेंगी तो इससे आपका लुक खराब हो सकता है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको लहंगा खरीदते वक्त ध्यान में रखी जाने वाली बातों के बारे में बताएंगे ताकि शादी के दिन आप सबसे खूबसूरत और क्लासी लगें।

### सबसे पहले तय करें बजट

लहंगा खरीदने जाने से पहले सबसे पहले अपना बजट तय तकें और उसी के हिसाब से लहंगा खरीदें। आपका बजट तय करने के बाद आपको अपना मन मारने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### स्टाइल का रखें ध्यान

लहंगा खरीदने जाने से पहले ये सोच कर जाएं कि आपको किस पैटर्न पर लहंगा चाहिए। बाजार में आपको कई पैटर्न मिल जाएंगे। हालांकि आप वहां लहंगा ट्राई करने के बाद भी ये तय कर सकती हैं लेकिन अगर आप पहले से ही इस बात का ध्यान रखेंगी तो इससे आपको आसानी रहेगी।

### लहंगे के फैब्रिक का रखें ध्यान

अपने बॉडी टाइप के हिसाब से ही लहंगे का फैब्रिक चुनें। बाजार में आपको कई तरह के नेट फैब्रिक, वेलवेट, बनारसी सिल्क फैब्रिक और क्रेप बेस फैब्रिक आसानी से मिल जाएंगे। फैब्रिक का चयन करते वक्त मौसम का ध्यान जरूर रखें।

लहंगा खरीदने का सबसे अहम भाग यही है। शादी का लहंगा खरीदते वक्त ये ध्यान रखें कि आपके ऊपर कौन सा रंग खिल कर आता है। लहंगे का रंग आपकी त्वचा के हिसाब से होना चाहिए।

## उतर गया है आपकी ब्लैक जींस का रंग, तो बनाएं फिर से नया



पैंट के मामले में हर किसी की पसंद अलग अलग हो सकती है, लेकिन जब बात जींस की हो, तो सबकी पसंद एक ही होती है। ऐसा माना जाता है कि पुरुषों के वार्डरोब में चाहे किसी भी कलर की जींस हो या न हो, लेकिन ब्लैक जींस हर किसी के वार्डरोब का हिस्सा होती है। ब्लैक जींस को लेकर ये आम धारणा है कि इसे पहनने के कुछ समय बाद इसका रंग फेड हो जाता है। अब हम जींस के फेड हुए कलर का तो कुछ नहीं कर सकते, लेकिन आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर बता सकते हैं जिनकी मदद से आप ब्लैक जींस का कलर फेड होने से रोक सकते हैं और जरुरत पड़ने पर जींस को फिर से डाई भी कर सकते हैं। इन टिप्स का अपनाकर आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से नया बना सकते हैं और अपनी स्टाइल को अपडेट भी रख सकते हैं। सबसे पहले आप इन 5 टिप्स में ये समझिए कि कैसे आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से डाई कर सकते हैं।

ये सबसे जरूरी बात है। जब भी आप अपनी जींस को डाई करना चाहें, तो सबसे पहले उसके लिए आपको समय की जरुरत है। याद रखिए ये काम जल्दबाजी का नहीं है। आप वो वक्त चुनें, जब आपके पास कुछ घंटे का समय हो। जींस को डाई करने से पहले उसे अच्छी तरह से धो लें। इसका कारण यह है कि अगर आपकी जींस गंदी है, तो वो डाई को अच्छी तरह से नहीं सोख पाएगी और आपकी सारी मेहनत बेकार हो जाएगी। जींस डाई करने से पहले आपको सही डाई कलर का चुनाव करना आना चाहिए। आपको डाई कलर लिक्विड और पाउडर दोनो फॉर्म में मिल जाएंगे। डाई का इस्तेमाल करने से पहले आपको उसके बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन को भी ध्यान से पढ़ लेना चाहिए।

## त्यौहारों पर क्लासी लुक के लिए अपनाएं खास ज्वेलरी डिजाइन

ज्वेलरी वियर करना हर महिला को पसंद होता है। इसलिए वो हमेशा अपनी पसंद के हिसाब से ज्वेलरी खरीदती हैं और उन्हें वियर करती हैं। ऐसे में आप अगर त्यौहारों पर क्लासी लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए यहां दिखाए गए क्लासी ज्वेलरी के डिजाइन को वियर कर सकती हैं। ये यूनिक दिखने के साथ-साथ काफी क्लासी लगती हैं। इस तरीके की ज्वेलरी को आप किसी भी तरह के आउटफिट के साथ त्यौहारों पर वियर कर सकती हैं।

### डायमंड कट नेकलेस

क्लासी लुक क्रिएट करने के लिए आप मौनी रॉय के ज्वेलरी डिजाइन को वियर कर सकती हैं। इस फोटो में उन्होंने डायमंड कट नेकलेस वियर किया हुआ है। ये एक चोकर सेट है। इसे अनमोल ज्वेलर द्वारा डिजाइन किया गया है। आप चाहे तो आर्टिफिशल ज्वेलरी डिजाइन में इस नेकलेस को खरीदकर इस करवा चौथ वियर कर सकती हैं। ये काफी सुंदर लगता है और आपको मार्केट में खरीदने पर 1000 से 2000 में मिल जाएगा।



### कुंदन वर्क ज्वेलरी सेट

कुंदन वर्क ज्वेलरी भी आजकल काफी ट्रेंड में है। इसे भी आप वियर कर सकती हैं। इस फोटो में दिखाया डिजाइन काफी क्लासी है और वियर करने के बाद खूबसूरत लगेगा। इसमें आपको पर्ल बीड्स मिलेंगे। साथ में कुंदन वर्क। इसमें आपको नीचे पैंडेट पर काम मिलेगा और इयररिंग्स इसी तरह के मिलेंगे। इसमें जो चेन लगाई गई है उसमें दो कलर के मोती का इस्तेमाल किया गया है। आप इन्हें अपने आउटफिट के कलर डिजाइन के हिसाब से खरीदकर वियर कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में सिर्फ अच्छे कपड़े ही काफी नहीं, बहुत कुछ ध्यान देना होता है खुद पर

## ग्रूमिंग की गलतियां छिपाए नहीं छिपती आपको ले सकती हैं लोगों के निशाने पर

'अरे छोड़ो इस पर कौन ध्यान देगा' ग्रूमिंग पर खूब सारा ध्यान देने वाले आप अक्सर यही कहकर बड़ी गलतियां कर देते हैं और आपको अंदाजा भी नहीं होता है कि लोग आपकी इन गलतियों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।

ग्रूमिंग बेस्ट लुक का जरूरी हिस्सा है। इसलिए आपको थोड़ा एक्टिव तो होना पड़ेगा। इसके बिना मामला सेट नहीं हो पाएगा। इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर खुद को वेल ग्रूम्ड वाली श्रेणी में लाया जा सकता है। आपको अलग से कुछ नहीं करना है।

ग्रूमिंग आपके लुक को पूरा करती है। आप भी इसके बिना खुद को अधूरा पाते होंगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर आप खुद ध्यान ये सोचकर नहीं देते कि कौन इस पर ध्यान देगा।

एक उम्र के बाद शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं, जिनमें से बाल दिखने लगते हैं लेकिन अफ़सोस आप उनको ट्रिम करने की सोचते ही नहीं है। आपको लगता है इनको कौन ही देखेगा। लेकिन लोग देखते हैं। लोग देखते हैं कि आपने महंगे कपड़े पहने, हेयर केयर सलीके से किया लेकिन नाक, कान और आईब्रो के बालों को यों ही छोड़ दिया।



ये काम कठिन नहीं है बल्कि इसे आप खुद भी कर सकते हैं। या फिर इसे शेविंग के समय सैलून में भी किया जा सकता है। ध्यान दीजिए और कर लीजिए।

आपके नाखून की सफाई भी जरूरी होती है। कई बार लोग पूरे शरीर की सफाई करते हैं लेकिन नाखूनों को भूल जाते हैं। लेकिन ये सही नहीं है। लोगों को आपके हाइजीन का अंदाजा नाखून देकर ही लग जाता है इसलिए ये काम शुरू कर दीजिए। समय-समय पर पैर और हाथ के नेल्स काटते रहिए। अगर तब भी ये अच्छे न लगें तो आप पैडीक्योर और मैडीक्योर करा सकते हैं।

ब्रश करके आप अपने ओरल हाइजीन को भूल जाते हैं तो गलत करते हैं। दरअसल सिर्फ ब्रश करने से दांत और मुंह की सफाई नहीं हो पाती है। बल्कि आपको ब्रश के साथ फ्लोसिंग भी करनी होगी और माउथ फ्रेशनर गार्गल भी करना होगा। अगर ये सब नहीं करेंगे तो दो बार ब्रश करने के बाद भी मुंह से बदबू आएगी और आपके लुक पर फिर कोई ध्यान नहीं देगा।



बियर्ड लुक को लेकर आजकल खूब क्रेज है। लोग विराट कोहली और विक्की कौशल की तरह बियर्ड लुक अपना लेना चाहते हैं। लेकिन वो ये भूल जाते हैं कि ये सेलेब्रिटी भी अपने बियर्ड लुक को मेनटेन करते हैं।

वो अपनी दाढ़ी ट्रिम कराते रहते हैं ताकि ये बेतरतीब न लगे। आप ऐसा कितनी बार करते हैं या कराते भी हैं या नहीं। अगर नहीं कराते हैं तो बियर्ड लुक नहीं मिलेगा लेकिन लुक बिगड़ जरूर जाएगा। इसलिए समय-समय पर दाढ़ी को ट्रिम जरूर कराते रहें।

बियर्ड की एक नेचुरल बियर्ड लाइन होती है। इस लाइन से ही बियर्ड को डेट किया जाता है। लेकिन कुछ पुरुष इस लाइन से ऊपर दाढ़ी मेनटेन करते हैं।

उनको लगता है डबल चिन इससे छुप जाएगी लेकिन नहीं, ऐसा नहीं है। आपका लुक इससे बिगड़ ही जाता है। इसलिए नेचुरल बियर्ड लाइन से ही दाढ़ी बनाएं।

